RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से खबरें

स्मार्ट हलचल

smarthalchal.com

वर्षः 11 अंकः 42 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ ,सोमवार, 10 अगस्त 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

ब्रीफ न्यूज

ईडी के डायरेक्टर राहुल नवीन का एक साल और बढ़ा कार्यकाल

नई दिल्ली, आरएनएन। केंद्र की मोदी सरकार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मौजूदा डायरेक्टर राहुल नवीन पर भरोसा जताते हुए एक साल का कार्यकाल बढ़ा दिया है। वह अगले साल 13 अगस्त 2027 तक ईडी के डायरेक्टर के रूप में पद पर बने रहेंगे। बता दें कि राहुल नवीन राजस्व सेवा के अधिकारी हैं। वह 14 अगस्त 2024 से ईडी के डायरेक्टर के रूप में सेवा दे रहे हैं। यानी यहकेउनके कार्यकाल का तीसरा साल होगा। बता दें कि राहुल नवीन मूल रूप से बिहार के बेतिया जिले के रहने वाले हैं। राहुल नवीन 1993 बैच के आईआरएस अधिकारी हैं और उन्हें इंटरनेशनल टैक्सेशन का एक्सपर्ट माना जाता है। उन्होंने आयकर विभाग में 30 वर्षों से अधिक समय तक काम किया है।

सीएम शुभेंदु का ऐलान, आरजी कर रेप केस की फिर से होगी जांच

कोलकाता, आरएनएन। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त 2024 की रात 31 वर्षीय ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और निर्मम हत्या के मामले में शुभेंदु सरकार ने बड़ा एक्शन लिया है। मुख्यमंत्री ने इस मामले में नए सिरे से जांच की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पुलिस अपनी ड्यूटी निभाने में नाकाम रही थी। यह मामला विधानसभा में ममता बनर्जी की हार की बड़ी वजहों में से एक था।

बारामती में फिर एयरक्राफ्ट दुर्घटना, ट्रेनी पायलट सुरक्षित

पुणे, आरएनएन। महाराष्ट्र के पुणे में बारामती हवाई पट्टी के पास रविवार 9 अगस्त को एक प्राइवेट कंपनी का ट्रेनिंग विमान हादसे का शिकार हो गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। यह दुर्घटना दोपहर करीब 12.30 बजे हुई। हादसे की वजह की जांच की जा रही है। पुणे ग्रामीण के एसपी संदीप सिंह गिल ने कहा, बारामती एयरफील्ड पर ट्रेनिंग के दौरान वीटी-सेक्स नाम का एक विमान रनवे से बाहर निकल गया। राहत की बात यह रही कि विमान में सवार ट्रेनी पायलट सुरक्षित बच गया।

संतों ने 6 दिसंबर को मथुरा में कारसेवा करने का किया ऐलान

मथुरा (आरएनएन)। श्री कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद के बीच मथुरा में साधु-संतों ने एक बार फिर बड़ा कदम उठाते हुए आंदोलन को तेज करने की घोषणा कर दी है। संतों ने 6 दिसंबर को मथुरा में कारसेवा करने का ऐलान किया है। संतों ने इसको लेकर एक नारा भी दिया है जो कि कृष्ण लला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे है। दरअसल, मथुरा चित्रगुप्त पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज ने संतों का नेतृत्व करते हुए राज्य सरकार से अनुमति की मांग की है।

भारत-पाक सीमा पर बीएसएफ ने संदिग्ध घुसपैठिये को मार गिराया

अमृतसर,आरएनएन। अमृतसर में भारत-पाकिस्तान सीमा पर बीएसएफ ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए एक संदिग्ध व्यक्ति को मार गिराया है। घटना शनिवार देर रात अमृतसर के बॉर्डर आउटपोस्ट दाओके इलाके की है। 181 बटालियन के जवानों ने बॉर्डर फेंसिंग के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा। उसकी गतिविधि जवानों को संदिग्ध लगी। जवानों ने उसे रुकने की चेतावनी दी लेकिन वह संदिग्ध तेजी से पाकिस्तान की ओर बढ़ते जा रहा था। संभावित खतरे को देखते हुए बीएसएफ के जवानों ने फायरिंग कर दी। इस फायरिंग में संदिग्ध की मौत हो गई है।

▶ पांच घंटे चली बैठक में झारखंड सरकार ने कई मांगों को माना

छात्रों के आगे झुकी सोरेन सरकार JPSC परीक्षाएं रद्द करने को तैयार

सरकार ने सीबीआई जांच से किया इनकार

● रांची

झारखंड में परीक्षाओं में गड़बड़ियों को लेकर छात्रों और राज्य की सोरेन सरकार के बीच चल रहा गतिरोध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

सरकार और छात्रों के बीच हुई तीसरे दौर की बातचीत भी पूरी तरह सफल नहीं रही। पांच घंटे चली बैठक के दौरान सरकार ने कई मांगों को मान लिया है, जबकि कई मांगों पर अभी सहमति नहीं बन पाई है। अपनी मांगें मनवाने के लिए सोमवार सुबह 10 बजे पुरानी विधानसभा से नई विधानसभा तक हजारों छात्र मार्च करेंगे। इसको ध्यान में रखते हुए झारखंड विधानसभा परिसर (नई विधानसभा) के 750 मीटर के दायरे में, झारखंड हाईकोर्ट, रांची को छोड़कर, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर रांची ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए बीएनएस की धारा 163 (144 सीआरपीसी) लागू कर दी है।

छात्र आंदोलन के बीच जेपीएससी के तीन सदस्यों का इस्तीफा

छात्र आंदोलन के बीच जेपीएससी के तीन सदस्यों अजीता भट्टाचार्य, जमील अहमद और अनिमा हांसदा ने इस्तीफा दे दिया है। तीनों ने अपना इस्तीफा राज्यपाल संतोष गंगवार को भेजा था, जिसे मंजूर कर लिया गया है। इसी बीच सीआईडी 10 अगस्त को अजीता भट्टाचार्य से पूछताछ करेगी। भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी के आरोपों की जांच के सिलसिले में उनसे सवाल किए जाएंगे। यह घटनाक्रम ऐसे समय हुआ है, जब परीक्षाओं में गड़बड़ी की शिकायतों को लेकर छात्र सरकार के खिलाफ आंदोलन कर रहे हैं। इससे पहले 22 जुलाई को जेपीएससी चेयरपर्सन एल खियांगते भी इस्तीफा दे चुके हैं।

98 प्रतिशत मांगें मान ली हैं

जेएमएम मंत्री सुदिव्य सोनू ने कहा कि सरकार ने छात्रों की 98 फीसदी मांगें मान ली हैं। हालांकि, छात्र जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा को भी रद्द करने की मांग पर अड़े हुए हैं।

इन मांगों पर बनी सहमति

- 14वीं जेपीएससी पीटी (रेगुलर एंड बैकलॉग) रद्द होगी।
- एसीएफ की परीक्षा रद्द होगी।
- एफआरओ की जांच होगी। कुछ गलत मिला तो परीक्षा रद्द होगी।
- टीडीपीएल एजेंसी ने जो भी भर्ती परीक्षा ली है, उसकी जांच होगी और कुछ गलत पाए जाने पर उस परीक्षा को रद्द किया जाएगा।
- जेएसएससी सीजीएल की दोबारा जांच होगी और गलत पाए जाने पर कार्रवाई होगी।
- जेएसएससी रिफार्म्स पर सरकार तैयार है।
- सीबीआई जांच पर सहमति नहीं बनी है, लेकिन सरकार सीआईडी जांच में वित्तीय घोटाले से जुड़ा कोई मामला सामने आने पर ईडी से जांच करवाने के लिए तैयार है।

बातचीत के बाद छात्रों की 3 मांगें

- टीडीपीएल से कराई गई सभी परीक्षाओं को सिर्फ जांच तक सीमित न रखा जाए, बल्कि रद्द किया जाए।
- जेएसएससी-सीजीएल की न्यायिक जांच नहीं, बल्कि परीक्षा रद्द की जाए।
- उपरोक्त परीक्षाओं को रद्द कर सीआईडी और न्यायिक जांच के बजाय सीबीआई जांच कराई जाए।
- छात्रों ने कहा कि इन तीनों मांगों पर हू-ब-हू निर्णय होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

तीसरे दौर की वार्ता हुई लेकिन नहीं बनी बात

जानकारी के मुताबिक, छात्र संगठनों और सरकार के प्रतिनिधियों के बीच पांच घंटे से ज्यादा समय तक बैठक चली। सभी छात्र संगठनों के साथ तीन दौर की बातचीत हुई, लेकिन नतीजा नहीं निकल सका। छात्रों का कहना है कि सरकार ने उनकी सभी मुख्य मांगें मानने से इनकार कर दिया है। सरकार की ओर से केवल 14वीं परीक्षा को रद्द करने का फैसला लिया गया है, जिससे छात्र बिल्कुल संतुष्ट नहीं हैं। उनका कहना है कि अन्य परीक्षाओं और व्यवस्था में सुधार को लेकर जो मांगें रखी गई थीं, उन पर कोई ठोस फैसला नहीं हुआ है।

संसद में परिसीमन, महिला आरक्षण और FCRA बिल पर होगी तकरार

कांग्रेस समेत विपक्ष इन विधेयकों के विरोध में परिसीमन पर डीएमके ने फिर विरोध जताया

● नई दिल्ली,

संसद के मानसून सत्र खत्म होने में अब केवल चार दिन बचे हैं, ऐसे में महिला आरक्षण, परिसीमन और फॉरेन कंट्रीब्यूशन (रेगुलेशन) एक्ट (एफसीआरए) जैसे बड़े और चर्चित विधेयकों का भविष्य अनिश्चित बना रहा, क्योंकि कांग्रेस और ज्यादातर सहयोगी पार्टियां इन बिलों के विरोध पर अड़ी हैं।

सोमवार की लोकसभा की बिजनेस लिस्ट में तीनों में से कोई भी विधेयक नहीं है। संविधान संशोधन विधेयक, जिसमें 2029 से 33 प्रतिशत महिला आरक्षण और लोकसभा चुनाव क्षेत्रों के परिसीमन का प्रस्ताव था। अप्रैल में दो-तिहाई बहुमत नहीं होने की वजह से गिर गया था। वहीं, 25 मार्च को पेश किया गया एफसीआरए अमेंडमेंट बिल, विदेशी-फंडेड ऑर्गनाइजेशन पर ज्यादा कड़ी निगरानी की वकालत करता है और इसका ईसाई ग्रुप और विपक्षी राजनीतिक पार्टियों ने विरोध किया है। रिपोर्ट के अनुसार कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने अलप्पुझा में कहा कि सरकार को सत्र के आखिरी दिनों में एफसीआरए बिल को आगे बढ़ाने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। उन्होंने इसे असंवैधानिक और जनविरोधी बताया और चेतावनी दी कि अगर गृह मंत्री अमित शाह इसे पास करने की कोशिश करते हैं तो इसका कड़ा विरोध होगा।

ऐसे बयान देने से बचें, जिससे भाजपा खुश हो

नई दिल्ली, आरएनएन। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को पार्टी नेताओं से सावधानी बरतने और ऐसे बयान देने से बचने को कहा, जिससे भाजपा को खुशी हो। उन्होंने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर की राहुल गांधी के छात्र संपर्क कार्यक्रम को लेकर की गई कथित टिप्पणी के संदर्भ में यह बात कही। अलप्पुझा के सांसद वेणुगोपाल से पत्रकारों ने थरूर की उस कथित टिप्पणी के बारे में सवाल किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि राहुल गांधी का छात्रों की गूंज कार्यक्रम जेन जी के बीच उतना प्रभाव नहीं छोड़ पाया, जितना कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शनों ने छोड़ा था।वेणुगोपाल ने कहा, जहां तक मुझे पता है, मैंने उनका बयान कुछ मीडिया चैनलों के जरिए ही देखा है। मैं यह नहीं सुन पाया हूं कि उन्होंने वास्तव में क्या कहा। उन्होंने कहा कि थरूर से उनकी टिप्पणी के बारे में सीधे सवाल किया जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस नेताओं को सार्वजनिक बयान देते समय सावधानी बरतनी चाहिए।उन्होंने कहा, भले ही कांग्रेस के सदस्य हमेशा पार्टी के ढांचे या अनुशासन का सख्ती से पालन नहीं करते हों, लेकिन हमें ऐसे बयान देने से बचने के लिए सावधान रहना चाहिए, जिससे केवल भाजपा खुश हो।

चार हाईकोर्ट में नए चीफ जस्टिस

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की सिफारिश

● नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने चार न्यायाधीशों को अलग-अलग हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने की सिफारिश की है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत की अगुवाई वाले कॉलेजियम ने छह अगस्त को हुई बैठक में यह फैसला लिया। जिन हाईकोर्ट में नए चीफ जस्टिस की सिफारिश की गई है उनमें पटना, कलकत्ता, बंबई और पंजाब-हरियाणा उच्च न्यायालय शामिल हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट में कार्यरत न्यायमूर्ति वी. कामेश्वर राव को पटना हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने की सिफारिश की गई है। बंबई हाईकोर्ट के न्यायाधीश रवींद्र वी. घुगे को कलकत्ता हाईकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाने की सिफारिश की गई है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश महेश चंद्र त्रिपाठी को बंबई हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाए जाने की सिफारिश की गई है। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के न्यायाधीश अश्विनी कुमार मिश्रा को इसी हाईकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने एक अन्य फैसले में हाईकोर्ट के दो जजों के तबादले की भी सिफारिश की है। वर्तमान में उड़ीसा हाईकोर्ट में कार्यरत न्यायमूर्ति मानस रंजन पाठक का तबादला गुजरात हाईकोर्ट करने की सिफारिश की है। उड़ीसा हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति कृष्ण राम महापात्र का तबादला छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट करने की सिफारिश की गई है।

मद्रास हाईकोर्ट में 15 नए जजों की नियुक्तिः उधर, मद्रास हाईकोर्ट के न्यायाधीश के तौर पर रविवार को आठ अधिवक्ताओं और सात न्यायिक अधिकारियों ने शपथ ली। हाईकोर्ट परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में, मुख्य न्यायाधीश एसए धर्माधिकारी ने नए न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। मद्रास हाईकोर्ट में इन 15 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के साथ ही कुल जजों की संख्या 66 हो गई है जबकि स्वीकृत पद 75 है।

कॉन्फ्रेंस में बोले न्यायविद- कैदियों के पुनर्वास को बनाना होगा प्रभावी, इससे कम होंगे अपराध

इंदौर, आरएनएन। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के तत्वावधान में आयोजित वेस्ट जोन रीजनल कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन विशेष रूप से बाल-अनुकूल न्याय, संरक्षण एवं पुनर्वास को सुदृढ़ करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

कॉन्फ्रेंस में न्यायविदों ने कहा कि कैदियों के पुनर्वास को प्रभावी बनाना होगा तभी समाज से अपराध कम होंगे। हमें उनके जीवन को बेहतर बनाने की व्यवस्थाएं बनाने पर तेजी से काम करना होगा। कॉन्फ्रेंस में विचार-विमर्श में ऐसे बाल-केंद्रित न्याय तंत्र की आवश्यकता पर बल दिया गया, जो प्रत्येक बच्चे के संरक्षण, सहभागिता, विधिक सहायता, पुनर्वास एवं गरिमा को सुनिश्चित करे। बच्चों को विधिक सहायता प्रदान करने तथा उनके संरक्षण एवं पुनर्वास से संबंधित सेवाओं के समन्वय के लिए एकीकृत तंत्र सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। पाक्सो मामलों में पीड़ित-केंद्रित एवं बाल-अनुकूल दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर भी महत्वपूर्ण विचार-विमर्श हुआ। सत्र का समापन इस विचार के साथ हुआ कि प्रत्येक बच्चे को समयबद्ध संरक्षण, उपयुक्त विधिक सहायता एवं सार्थक न्याय तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए समन्वित एवं संवेदनशील विधिक सेवा तंत्र को और अधिक सुदृढ़ किया जाना आवश्यक है।

बंदियों और उनके परिवारों के लिए भी विशेष योजनाएं

दूसरे दिन के द्वितीय तकनीकी सत्र में बंदियों एवं उनके परिवारों के पुनर्वास, पुनर्समावेशन तथा न्याय तक सार्थक पहुंच पर भी विचार-विमर्श किया गया। बंदियों तथा बंदियों के परिवारों के लिए सहायता को सुदृढ़ करने तथा पैरा-लीगल वालंटियर्स एवं जेल लोक अदालतों की भूमिका को मजबूत करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया। इनके माध्यम से विधिक सहायता, परिवार से पुनः संपर्क स्थापित करने तथा पुनर्वास संबंधी प्रयासों को प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया।

25 महिलाओं से शादी और करोड़ों की ठगी

समधी के खिलाफ बीजेपी विधायक ने दर्ज कराई एफआईआर

सीतापुर, आरएनएन। यूपी के सीतापुर में 25 महिलाओं से कथित तौर पर पहचान छिपाकर शादी करने और करोड़ों की ठगी के आरोपी अनुज त्रिवेदी के खिलाफ अब उनके समधी और भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी ने भी एफआईआर दर्ज कराई है।

दरअसल, भाजपा विधायक ने दो साल पहले अपनी बेटी डॉ. प्रज्ञा तिवारी की शादी अनुज त्रिवेदी के बेटे प्रखर त्रिवेदी से की थी। एफआईआर में विधायक ने बताया है कि 14 फरवरी 2024 को सीतापुर निवासी अनुज त्रिवेदी के बेटे प्रखर के साथ उनकी बेटी का विवाह हुआ था। उस समय अनुज त्रिवेदी ने खुद को मुंबई में रियल एस्टेट का कारोबारी बताया था। वहीं, अपने बेटे प्रखर के बारे में बताया था कि वह गांव में स्कूल चलाता है। विवाह के करीब दो साल बाद सोशल मीडिया के जरिए विधायक को अनुज त्रिवेदी के कथित फर्जीवाड़े की जानकारी मिली। आरोप है कि अनुज ने अपनी पहचान छिपाकर अलग-अलग महिलाओं से करीब 25 शादियां कीं और उनके साथ करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी की। मामले में मुंबई पुलिस पहले ही अनुज त्रिवेदी को गिरफ्तार कर चुकी है। वह डोंबिवली थाने में दर्ज एक एफआईआर के मामले में महाराष्ट्र में न्यायिक हिरासत में है।

रिलायंस ने की 40 हजार करोड़ अपराध की कमाई

● नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 8 अगस्त 2026 को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट स्थित स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में इस मामले में सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। यह 27 मार्च 2026 को दाखिल की गई मुख्य चार्जशीट के आगे की कार्रवाई है। चार्जशीट में ईडी ने 40,000 करोड़ रुपए को प्रोसीड ऑफ क्राइम यानी अपराध से हासिल रकम बताया है। इस मामले में रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड यानी आरकॉम, रिलायंस टेलीकॉम लिमिटेड

मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी का खुलासा

यानी आरटीएल के अलावा गौतम भाईलाल दोशी, सतीश सेठ, अमिताभ झुनझुनवाला और कुछ अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। ईडी का आरोप है कि इन लोगों ने मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े अपराध किए हैं। इन पर पीएमएलए की धारा 3 और धारा 3 के साथ धारा 70 के तहत मामला दर्ज किया गया है। ईडी की जांच सीबीआई की बैंकिंग सिक्योरिटीज एंड फ्रॉड ब्रांच, नई दिल्ली की ओर से दर्ज की गई कई एफआईआर के आधार पर शुरू हुई थी। ये एफआईआर बैंकों और वित्तीय संस्थानों की शिकायतों पर दर्ज की गई थीं। इनमें रिलायंस कम्युनिकेशंस, रिलायंस टेलीकॉम और रिलायंस इंफ्राटेल लिमिटेड से जुड़ी कथित वित्तीय गड़बड़ियों की जांच की जा रही थी।

बेंगलुरु में ट्रेकिंग पर गया इंदौर का युवक लापता

मंगेतर को बताया था घूमने का प्लान, मोबाइल फोन बंद, परिजनों को अपहरण का शक

● बेंगलुरु/

बेंगलुरु के बाहरी इलाके नेलामंगला स्थित शिवगंगे पहाड़ियों में ट्रेकिंग पर गया मध्य प्रदेश का युवक लापता हो गया है। युवक की पहचान इंदौर के रहने वाले अद्वैत उपाध्याय के रूप में हुई है। वह बेंगलुरु के बेगुर इलाके में रहकर एक फाइनेंस कंपनी में काम करता है। अद्वैत को ढूंढने के लिए पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 31 साल के अद्वैत उपाध्याय ने शुक्रवार को ट्रेकिंग पर जाने से पहले अपनी मंगेतर को अपने प्लान के बारे में जानकारी दी थी। उसने सफर के लिए एक बाइक किराए पर ली थी। शुक्रवार सुबह करीब 6:30 बजे अद्वैत शिवगंगे पहाड़ी की तलहटी में पहुंचा और अपनी बाइक वहीं पार्क करके ऊपर चढ़ने लगा। पास के सीसीटीवी कैमरों में उन्हें पहाड़ी की ओर जाते हुए देखा गया है। पहाड़ी पर चढ़ने के बाद से ही अद्वैत का कोई सुराग नहीं मिला है और उसका मोबाइल फोन भी लगातार स्विच ऑफ आ रहा है। अद्वैत के परिवार का कहना है कि सुनसान पहाड़ी पर अकेला पाकर लुटेरों ने उसे निशाना बनाया हो सकता है, या फिर किसी ने उसका अपहरण कर लिया हो। परिवार किसी अवांछित अनहोनी को लेकर बेहद चिंतित है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आ गई है। कडुगोडी पुलिस स्टेशन में अद्वैत की गुमशुदगी का केस दर्ज किया गया है।

पुलिस का बड़ा सर्च ऑपरेशन

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक, शिवगंगे और उसके आसपास के घने पहाड़ी इलाकों में डॉग स्क्वायड और तलाशी दलों के साथ सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस मामले में अपहरण, दुर्घटना और राहजनी समेत सभी संभावित पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

शिक्षा व्यवस्था के मुद्दे पर केंद्र पर बरसे राहुल गांधी

नई दिल्ली, आरएनएन। देश में पेपर लीक और लचर शिक्षा व्यवस्था को लेकर सियासत एक बार फिर चरम पर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ के मुद्दे पर केंद्र सरकार, खासकर गृह मंत्री अमित शाह को निशाने पर लिया है। राहुल गांधी ने एक्स पर लिखे एक पोस्ट में साफ कर दिया कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को शांत नहीं होने देगी।

राहुल ने एक्स पर लिखा, अब मेरे पास कोई रास्ता नहीं बचा। कल प्रयागराज में एक छात्र ने मुझसे यही कहा, सालों की तैयारी, घर की जमीन बेची, मां-बाप का कर्ज और फिर भी अब मेरे पास कोई रास्ता नहीं बचा। यह हार उसकी नहीं है। यह उस व्यवस्था की हार है जिसने उसकी मेहनत का दाम देने से इनकार कर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि छात्रों का यह दर्द किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे देश के लाखों युवाओं का है जो सालों-साल कड़ी मेहनत के बावजूद पेपर लीक और प्रशासनिक लापरवाही का शिकार हो रहे हैं।

जरा हट के | सालभर बाद निकले तो दीमक चट कर चुकी थी पूरी रकम, राजस्थान के बालोतरा जिले का मामला

पांच लाख रुपये खेत में गाड़कर भूला किसान

● बालोतरा

राजस्थान के बालोतरा जिले में एक किसान को अपनी मेहनत की कमाई सुरक्षित रखने का ऐसा तरीका भारी पड़ गया कि लाखों रुपये देखते ही देखते कागज के टुकड़ों में बदल गए। पचपदरा थाना क्षेत्र के नेवाई गांव निवासी किसान मांगीलाल मेघवाल ने करीब एक साल पहले अपना प्लॉट बेचा था।

इसके बदले उसे 5 लाख रुपये मिले थे। दरअसल, मांगीलाल अपने परिवार के साथ खेत में बनी कच्ची ढाणी में रहता है। पचपदरा में मौजूद प्लॉट बेचने के बाद उसका इरादा खेत में पक्का कमरा बनवाने का था। रकम को चोरी होने और बेवजह खर्च होने से बचाने के लिए उसने 5 लाख रुपये एक पॉलीथिन में रखे और खेत में गड्ढा खोदकर जमीन के अंदर दबा दिए। इसके बाद किसान ने इस बात की जानकारी पत्नी और बेटों तक को नहीं दी। बताया गया कि मांगीलाल को नशे की लत है और वह अक्सर चीजें भूल जाता है। कुछ समय बीतने के बाद जब पक्का कमरा बनवाने के लिए पैसे की जरूरत पड़ी, तो उसे याद आया कि उसने रकम खेत में कहीं दबाई थी। लेकिन तब तक वह जगह उसकी याददाश्त से पूरी तरह निकल चुकी थी।

10 बीघा खेत में रकम तलाशता रहा परिवार

मांगीलाल ने अपने स्तर पर खेत में कई जगह पैसे खोजे, लेकिन उसे कामयाबी नहीं मिली। करीब 10 बीघा में फैले खेत में आखिर रकम कहां दबाई गई थी, इसका उसे कोई अंदाजा नहीं था। परेशान होकर उसने पत्नी और बेटों को पूरी बात बताई। शुरुआत में परिवार को उसकी बात पर भरोसा नहीं हुआ, लेकिन बाद में सभी ने खेत में अलग-अलग जगह खुदाई शुरू कर दी। परिजनों ने काफी तलाश की, मगर जमीन के नीचे दबे नोटों का कोई सुराग नहीं मिला। वक्त बीतता गया और परिवार ने भी उम्मीद छोड़ दी। किसान को शायद यह अंदाजा भी नहीं था कि जिस रकम को उसने सुरक्षित रखने के लिए जमीन में छिपाया था, वह धीरे-धीरे नमी और दीमक की चपेट में आ रही है। करीब एक साल बाद बारिश का मौसम आया और खेत में बुवाई की तैयारी शुरू हुई। इसी दौरान एक रात जमीन से रुपयों वाली पॉलीथिन की थैली बाहर निकल आई। अंधेरा होने के कारण परिवार की नजर उस पर नहीं पड़ी। अगले दिन जब मांगीलाल की पत्नी और बेटा खेत की तारबंदी ठीक कर रहे थे, तभी उनकी नजर उस थैली पर गई।

सुबह थैली खुली तो उड़ गए होशः परिजनों ने जब पॉलीथिन को खोलकर देखा तो उनके होश उड़ गए। उसके अंदर 500-500 रुपये के नोट पड़े थे, लेकिन उनकी हालत बेहद खराब थी। नोटों को दीमक ने जगह-जगह से काट दिया था और कई नोट छोटे-छोटे टुकड़ों में बदल चुके थे। परिवार को समझते देर नहीं लगी कि जिस रकम को बचाकर रखने की कोशिश की गई थी, वह अब लगभग बर्बाद हो चुकी है।

कोटड़ा फायरिंग मामला: ब्यावर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

7 अवैध पिस्टल, 11 मैगजीन और 9 कारतूस के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार; अंतरराज्यीय हथियार सिंडिकेट का पर्दाफाश...

स्मार्ट हलचल

अनिल कुमार ब्यावर। जवाजा क्षेत्र के कोटड़ा गांव में हुई सनसनीखेज फायरिंग की घटना का पर्दाफाश करते हुए जिला पुलिस, साकेतनगर थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने अवैध हथियारों की एक बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने मुख्य शूटरों समेत 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके पास से 7 अवैध पिस्टल, 11 मैगजीन और 9 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा एवं अजमेर रेंज आईजी डॉ. रवि सभरवाल के निर्देशन तथा पुलिस अधीक्षक रतन सिंह (IPS) व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया (RPS) के सुपरविजन में वृत्ताधिकारी ब्यावर राजेश कसाना के नेतृत्व में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

फायरिंग की घटना और पुलिस की त्वरित कार्रवाई

बीती 21 जुलाई की रात कोटड़ा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो मोटरसाइकिलों पर आए 5 बदमाशों ने जय सिंह पुत्र रोड सिंह पर गोलियां चला दी थीं। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल जय सिंह को अजमेर रेफर किया गया था। घटना पर जवाजा थाने में बीएनएस एवं आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीमों ने आरोपियों की तलाश में गुजरात के अहमदाबाद, सूरत, राजकोट, मोरबी, भरूच के अलावा राजस्थान के जयपुर, जैसलमेर, बीकानेर और सलूंबर में संभावित ठिकानों पर दबिश दी। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 7 अगस्त को मुख्य शूटर सुनील सिंह (19) निवासी कोटड़ा और प्रवीण सिंह उर्फ कूका (19) निवासी करला को गिरफ्तार कर कोर्ट से पुलिस रिमांड लिया गया।

हथियार सप्लाई सिंडिकेट का खुलासा

रिमांड के दौरान अभियुक्तों से पूछताछ और निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल 2 पिस्टल सहित कुल 5 अवैध पिस्टल, 7 जिंदा कारतूस और 4 खाली मैगजीन बरामद की गईं। पूछताछ में सामने आया कि ये हथियार प्रहलाद सिंह (निवासी कालिकांकर, जवाजा) और राकेश प्रजापत (निवासी चोपड़ा, पाली) से खरीदे गए थे। ये आरोपी एक संगठित सिंडिकेट (BNS धारा 111) बनाकर क्षेत्र में मोटी रकम लेकर अवैध हथियारों की सप्लाई करते थे।

नेटवर्क में शामिल अन्य 2 आरोपी गिरफ्तार:

1-फिरोज पुत्र अब्दुल (कमालिया का बाड़िया, कोटड़ा): जवाजा पुलिस ने मामला दर्ज कर 1 अवैध पिस्टल और 2 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया।

2-मोहन सिंह उर्फ मुन्ना (खियातों का बाड़िया, बोरवा): साकेतनगर पुलिस ने 1 अवैध पिस्टल व मैगजीन बरामद कर गिरफ्तार किया।

शातिर अपराधियों का लंबा आपराधिक रिकॉर्ड

सुनील सिंह: नाबालिग अवस्था में बेंगलुरु में चोरी व आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज।

फरार आरोपी प्रहलाद सिंह: साकेतनगर व जवाजा थानों में रंगदारी, जानलेवा हमला और मारपीट के 5 मामले दर्ज। फरार आरोपी राकेश प्रजापत: पाली, बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर और बेंगलुरु में चोरी, एनडीपीएस (NDPS) और आर्म्स एक्ट के 12 से अधिक मुकदमे दर्ज।

इस टीम को मिली सफलता

कार्रवाई में जवाजा थानाधिकारी डॉ. नवल किशोर, साकेतनगर थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया, साइबर सेल प्रभारी सरफराज (सउनि), प्रकाशराम (सउनि), हैड कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, राजाराम, कांस्टेबल प्रहलाद, तोगेश, जसराज, हनुमान सहाय, सुशील टोगस और नैना सिंह की विशेष भूमिका रही। पुलिस की विशेष टीमें फरार सप्लायरों की तलाश में जुटी हैं।

बजरी माफिया पर शकरगढ़ पुलिस का बड़ा प्रहार, रास्तों में खोदे खड्डे

थानाधिकारी पूरणमल मीणा के नेतृत्व में कार्रवाई, अमरगढ़ चौकी संभालते ही ASI जोगेंद्र सिंह एक्शन मोड में

स्मार्ट हलचल

अलकेश पारीक जहाजपुर, भीलवाड़ा अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ शकरगढ़ पुलिस ने एक बार फिर बड़ा एक्शन लिया है। थानाधिकारी पूरणमल मीणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध बजरी परिवहन के लिए इस्तेमाल किए जा रहे रास्तों को जेसीबी से खड्डे खुदवाकर अवरुद्ध कर दिया। पुलिस ने चैनपुरा, अभयपुरा, माधोपुर, केसरपुरा और भरनी खुर्द सहित बजरी परिवहन के संभावित रास्तों पर कार्रवाई करते हुए मार्गों को काटकर वाहनों की आवाजाही रोकने की व्यवस्था की। खास बात यह रही कि अमरगढ़ चौकी पर आज ही एएसआई जोगेंद्र सिंह ने कार्यभार संभाला है और जॉइनिंग के साथ ही अवैध बजरी के खिलाफ कार्रवाई में सक्रिय नजर आए। चौकी क्षेत्र के करीब 60 गांवों की जिम्मेदारी संभालने वाले जोगेंद्र सिंह की सक्रियता से अवैध बजरी कारोबारियों में खलबली मची हुई है। पुलिस टीम में थानाधिकारी पूरणमल मीणा, एएसआई जोगेंद्र सिंह, एफसी रामराज और एफसी फूल सिंह मौजूद रहे।

जॉइनिंग के साथ एक्शन... बजरी माफिया में हड़कंप!

अमरगढ़ चौकी पर नई जिम्मेदारी संभालते ही एएसआई जोगेंद्र सिंह के एक्शन मोड में आने की चर्चा क्षेत्र में तेज है। पुलिस की इस कार्रवाई से साफ संदेश गया है कि अवैध बजरी खनन और परिवहन करने वालों के लिए रास्ते आसान नहीं रहने वाले। शकरगढ़ पुलिस का संदेश साफ – अवैध बजरी पर कार्रवाई जारी रहेगी।

मंगलसूत्र झपटकर भागे तीन बदमाश, पुलिस ने हाईवे के कैमरे खंगाले

टोल प्लाजा से जहाजपुर और बूंदी की ओर जाने वाले रास्तों के सीसीटीवी फुटेज जांचे, बदमाशों की तलाश में जुटी शकरगढ़ पुलिस

स्मार्ट हलचल

अलकेश पारीक जहाजपुर। हाईवे 148डी पर दुकान पर बैठी महिला के गले से मंगलसूत्र झपटकर फरार हुए तीन अज्ञात बदमाशों के मामले में शकरगढ़ पुलिस ने जांच तेज कर दी है। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के साथ हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालना शुरू कर दिया। पुलिस ने टोल प्लाजा क्षेत्र से लेकर जहाजपुर की तरफ जाने वाले मार्ग और बूंदी की तरफ जाने वाले रास्तों के सीसीटीवी कैमरों को भी जांच के दायरे में लिया है। पुलिस टीम फुटेज के जरिए वारदात के बाद बदमाशों के आने-जाने वाले रास्ते और उनके संभावित वाहन की पहचान करने में जुटी है। जानकारी के अनुसार हाईवे 148डी पर एक दुकान पर बैठी महिला गीता देवी शर्मा के गले से

तीन अज्ञात बदमाश मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गए। घटना के बाद महिला ने शकरगढ़ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बदमाश किस दिशा में भागे, फुटेज से तलाश रही पुलिस

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि वारदात के बाद आरोपी जहाजपुर की ओर गए या बूंदी की तरफ भागे। इसके लिए हाईवे पर अलग-अलग स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग को क्रमवार देखा जा रहा है। संदिग्ध वाहन नजर आने पर उसके आगे-पीछे के कैमरों से भी फुटेज मिलान किया जा रहा है। पुलिस को आशंका है कि बदमाश आसपास के क्षेत्र की जानकारी रखने वाले हो सकते हैं। बूंदी की तरफ से आने-जाने वाले संदिग्धों के एंगल को भी जांच में शामिल किया गया है, हालांकि अभी तक किसी आरोपी की पहचान की पुष्टि नहीं हुई है। शकरगढ़ पुलिस की टीम लगातार संदिग्धों की तलाश में जुटी है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। वारदात के तुरंत बाद जांच शुरू कर दिए जाने से आरोपियों की पहचान को लेकर पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है।

गारंटी पांच साल की, सड़क दो साल में बेकार! विभाग नहीं जागा तो ग्रामीणों ने खुद संभाली कमान

खजुरी-बाकरा मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे, शिकायतों के बाद भी नहीं हुई मरम्मत; ग्रामीणों ने दो ट्रॉली गिट्टी डलवाकर भरा खड्डा

स्मार्ट हलचल

अलकेश पारीक खजुरी से बाकरा जाने वाली सड़क निर्माण के दो साल भी पूरे नहीं हुए और सड़क जगह-जगह से उखड़कर बदहाल हो गई। पांच साल की गारंटी वाली सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायत करने के बावजूद सड़क की मरम्मत नहीं करवाई गई। आखिरकार विभाग की अनदेखी से परेशान ग्रामीणों ने रविवार को खुद ही सड़क की कमान संभाल ली।

उरना में बड़ा गड्ढा बना हादसे का खतरा

उरना गांव में सड़क पर बना बड़ा गड्ढा वाहन चालकों के लिए लगातार खतरा बना हुआ था। ग्रामीणों की पहल पर प्रधानाचार्य धर्मचंद मीणा एवं जीएसएस अध्यक्ष रामकुवार मीणा ने गड्ढा भरने के लिए दो ट्रॉली गिट्टी डलवाई। इसके बाद जेसीबी की सहायता से सड़क किनारे उगे बबूल हटवाकर रास्ते को भी सुगम करवाया गया। ग्रामीणों की इस पहल से फिलहाल गड्ढे के कारण होने वाले हादसों से राहत मिलने की उम्मीद है।

ग्रामीण बोले- गारंटी के बावजूद मरम्मत नहीं

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान पांच साल की गारंटी दी गई थी। ऐसे में सड़क के क्षतिग्रस्त होने पर समय रहते मरम्मत करवाना विभाग की जिम्मेदारी है। लेकिन शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों को खुद आगे आना पड़ा। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से खजुरी-बाकरा मार्ग का पूरी तरह निरीक्षण करवाकर क्षतिग्रस्त हिस्सों की स्थायी और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत करवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गड्ढे भरने से अस्थायी राहत तो मिल गई, लेकिन सड़क की वास्तविक समस्या का समाधान विभाग को ही करना होगा।

खेतों से चुराए गए इंजन - पम्पो के साथ ही बिजौलियाँ पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

वारदात में प्रयुक्त टेंपो को भी किया जप्त

स्मार्ट हलचल

बिजौलियाँ(दीपक राठौर) बिजौलियाँ पुलिस ने खेतों से चोरी हुए सिंचाई के इंजन- पंप को लेकर बड़ा खुलासा करते हुए विक्रमपुरा खेत से व अन्य दो जगह से सिंचाई इंजन पंप बरामद करते हुए आरोपी हरीश मीणा निवासी गोविंदपुरा बिजोलिया व चोरी का माल खरीदने वाले मुकेश राठौर को गिरफ्तार किया गया इसी के साथ एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया चोरी में प्रयुक्त लोडिंग वाहन टेंपो को भी जप्त किया गया बिजौलियाँ थाना अधिकारी स्वागत पांड्या ने बताया कि 2 अगस्त को ललित कुमार भट्ट द्वारा बिजोलिया थाने में बनी के बालाजी मंदिर के पीछे खेत से एक सिंचाई इंजन पंप चोरी होने की रिपोर्ट दी गई7 जिस पर मामले को संज्ञान में लेते हुए लोगों से आम सूचना एकत्रित कर संदिग्ध हरिश मीणा को डिटेन कर पुछताछ की गई तो खेतो में लगे सिचाई के लिये इंजन पम्पो को चोरी करना स्वीकार किया गया और चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी मुकेश राठौर को भी गिरफ्तार कर चोरी के इंजन पम्प बरामद किये और चोरी में सहयोगी एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया। इसी के साथ चोरी की घटना में प्रयुक्त लोडिंग टेम्पो को भी जब्त किया गया । तथा अन्य आरोपी की तलाश जारी है। प्रकरण में आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जा रही है जिससे और अन्य और चोरियों की वारदातें भी खुलने की संभावना है7 इस दौरान पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल सुनील चाहर,गौतम सिंह, लाखन सिंह, सुरेंद्र सिंह और जितेंद्र इनमे से गौतम, लाखन और सुरेंद्र की विशेष भूमिका रही

जरूरतें घटाना ही ऊर्जा बचत का मूल मंत्र: सोलंकी

'ऊर्जा उपवास' संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण का संदेश, बोले—अनावश्यक उपभोग रोकेंगे तो बचेगी ऊर्जा और प्रकृति

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी) ऊर्जा संकट और पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपना संस्थान, पर्यावरण संरक्षण गतिविधि एवं नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को टाउन हॉल में 'ऊर्जा उपवास अभियान' के तहत संगोष्ठी हुई। मुख्य वक्ता चेतन सोलंकी (सोलर मैन ऑफ इंडिया) ने कहा कि ऊर्जा बचाने के लिए बड़े त्याग की नहीं, बल्कि अनावश्यक जरूरतों और संसाधनों के उपभोग को कम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो वस्तु हमारे लिए कचरा है, वह किसी दूसरे के लिए कच्चा माल हो सकती है। सोलंकी ने अदृश्य प्रदूषण की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि गैस, पेट्रोल, डीजल और कोयले के अत्यधिक उपयोग से निकलने वाली कार्बन डाईऑक्साइड पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने 'क्लाइमेट सत्याग्रह' का आह्वान किया। कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सामूहिक प्रयासों से ऊर्जा संरक्षण को जनअभियान बनाने पर जोर दिया। विद्यार्थियों ने वंदेमातरम् और ऊर्जा उपवास पर नाटक प्रस्तुत कर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि उद्योगपति तिलोकचंद छाबड़ा ने ऊर्जा संरक्षण का संकल्प दिलाया। संचालन राकेश तिवाड़ी व अशोक सोनी ने किया तथा आभार अरुण छीपा ने जताया। बड़ी संख्या में विद्यार्थी, नागरिक और पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

पोटलां कस्बे में इंद्रदेव को रिझाने और खेड़ा देवत की विशेष पूजा-अर्चना, ग्रामीणों ने की अच्छी बारिश और सुख-समृद्धि की कामना

स्मार्ट हलचल

पोटलां। क्षेत्र में अच्छी मानसूनी बारिश, खेतों में लहलहाती फसल की पैदावार तथा पूरे गांव की सुख-समृद्धि और आरोग्य की कामना के लिए पोटलां कस्बे में धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने पूरी आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ तालाब की पाल पर स्थित चामुंडा माता मंदिर पर पहुंचकर इंद्रदेव और ग्राम देवता 'खेड़ा देव' की विशेष पूजा-अर्चना की। भारतीय ग्रामीण संस्कृति में प्रकृति और लोक देवताओं के प्रति अटूट आस्था का दौर हमेशा से रहा है। पोटलां कस्बे में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान का मुख्य उद्देश्य प्रकृति के देवताओं को प्रसन्न करना था। ग्रामीणों का मानना है कि समय पर वर्षा होने और खेतों में अन्न की बंपर पैदावार होने से न केवल किसानों का जीवन खुशहाल होता है, बल्कि संपूर्ण ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलती है। इसी भावना के साथ कस्बे के मंदिरों देवरों के भोपा पुजारियों, प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं और बुजुर्गों ने मिलकर इंद्रदेव को रिझाने के लिए विशेष

अनुष्ठान संपन्न किए। लोक परंपरा के अनुसार 'खेड़ा देव' को किसी भी गांव की भौगोलिक सीमा, उसकी भूमि और वहां निवास करने वाले समस्त जीव-जंतुओं और इंसानों के संरक्षक देवता के रूप में पूजा जाता है। गांव की रक्षा करने वाले खेड़ा देव की पूजा से महामारी, अमंगल और प्राकृतिक आपदाओं का भय दूर होता है। इस अनुष्ठान के माध्यम से समस्त समाज एक सूत्र में बंधकर अपने आराध्य देव के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है और आने वाले सीजन के लिए आशीर्वाद मांगता है। इस दौरान देवस्थान पर विशेष साफ-सफाई कर पारंपरिक विधि-विधान से पूजा की गई। पंडितों और बुजुर्गों के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन और पूजन संपन्न हुआ। ग्रामीणों ने जल, कुमकुम, चावल, धूप-दीप और नैवेद्य अर्पित कर इंद्रदेव से प्रार्थना की कि वे अपनी कृपा बरसाएं और बादलों को समय पर क्षेत्र में सक्रिय करें, ताकि धरती की प्यास बुझ सके और सूखे की स्थिति उत्पन्न न हो। इस धार्मिक आयोजन में पोटलां कस्बे के सभी वर्ग के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अनुष्ठान के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया, जिससे पूरे कस्बे में आपसी भाईचारे और धार्मिक उल्लास का वातावरण देखने को मिला। ग्रामीणों ने पूर्ण विश्वास जताया कि लोक देवताओं की कृपा से इस वर्ष क्षेत्र में झमाझम बारिश होगी और किसानों के चेहरे खिले-खिले नजर आएंगे।

अज्ञात जानवर की आशंका, 17 भेड़ों की मौत पशुपालक को भारी नुकसान

चांदगढ़ नदी ढावा में बाड़े में हुई घटना; पुलिस ने मौका रिपोर्ट तैयार की, जांच की मांग

स्मार्ट हलचल

रमेश चंद डाड आकोला। क्षेत्र के चांदगढ़ नदी ढावा में शनिवार रात बाड़े में बैठी पशुपालक नारायण लाल गुर्जर की 17 भेड़ों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पशुपालक के अनुसार रात के समय किसी अज्ञात जानवर द्वारा हमला किए जाने की आशंका है। घटना में 17 भेड़ों की मौत से पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और घटनास्थल का निरीक्षण कर मौका रिपोर्ट तैयार की। पशुपालक ने प्रशासन से घटना की जांच करवाने, मृत भेड़ों से हुए नुकसान का आकलन कराने तथा नियमानुसार आर्थिक सहायता एवं मुआवजा दिलाने की मांग की है। घटना के बाद पशुपालक परिवार में चिंता का माहौल है। फिलहाल यह जांच का विषय है कि भेड़ों की मौत किस कारण से हुई और क्या वास्तव में किसी अज्ञात जानवर ने उन पर हमला किया था।

जुए की महफिल पर पुलिस का धावा, 9 जुआरी दबोच

1.95 लाख रुपये नकद और तीन बाइक जब्त, घोड़ी-दाने पर लग रहे थे रुपए के दांव

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा। बडलियास थाना पुलिस और डीएसटी ने जुए के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सरहद गोठड़ा स्थित देवनारायण भगवान मंदिर के पास खेत में चल रही जुए की महफिल पर दबिश दी। पुलिस ने घोड़ी-दाने पर रुपए के दांव लगा रहे नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया। मौके से 1 लाख 95 हजार 200 रुपये नकद, दो प्लास्टिक के घोड़ी-दाने और तीन मोटरसाइकिलें जब्त की गईं। पुलिस के अनुसार 8 अगस्त की शाम करीब 6:33 बजे डीएसटी को सूचना

मिली थी कि देवनारायण मंदिर के पास बालू गुर्जर के सीजारे के खेत में करीब 10-12 लोग घोड़ी-दाने पर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर बदनौर थाना प्रभारी जसवंत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और खेत को चारों तरफ से घेर लिया।

दबिश पड़ते ही मची भगदड़

पुलिस टीम ने खेत में दबिश दी तो जुआ खेल रहे लोगों में भगदड़ मच गई। कुछ लोग खेत की तारबंदी फांदकर भाग निकले, जबकि कच्ची टपरी में घोड़ी-दाने पर दांव लगा रहे नौ आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने मौके पर जुए की राशि की गिनती की तो 1,95,200 रुपये नकद बरामद हुए।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने जुए में इस्तेमाल किए जा रहे दो प्लास्टिक के घोड़ी-दाने तथा आरोपियों के कब्जे से तीन मोटरसाइकिलें भी जब्त कीं। इनमें एचएफ डीलक्स और बजाज पल्सर सहित बाइक शामिल हैं।

नौ आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने मोहम्मद जाहिद (38), शाहरूख हुसैन (32), मोहम्मद आरिफ (52), कैलाश चन्द्र (50), वसीम (31), अब्दुल हकीम (45), फरमान (30), सबीर (42) और सद्दाम हुसैन (32) को गिरफ्तार किया।

आरोपियों के खिलाफ बदनौर थाने में प्रकरण संख्या 191/2026 दर्ज कर राजस्थान पब्लिक गेमिंग एक्ट की धारा 13 एवं बीएनएस की धारा 112(2) के तहत जांच शुरू की गई है।

एसपी के निर्देश पर कार्रवाई

जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देश पर संगठित अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य एवं पुलिस उप अधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन में थाना प्रभारी जसवंत सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। कार्रवाई में डीएसटी टीम की भी अहम भूमिका रही।

संत रविदास जयंती पर निकली कलश वंदन यात्रा

भाजपा गणेश नगर मंडल ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी) संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के अवसर पर भाजपा गणेश नगर मंडल की ओर से पुर में समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा निकाली गई। मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बाबा रामदेव मंदिर और संत रविदास मंदिर में पूजा-अर्चना कर संत रविदास को नमन किया गया। मंदिर पुजारी का उपरना पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद सुभाषचंद्र बहेड़िया, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री रोशन मेघवंशी, जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, घनश्याम सिंगीवाल सहित भाजपा पदाधिकारी, पार्षद, समाजबंधु और मातृशक्ति मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक भेदभाव मिटाकर समानता, भाईचारे और समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।

ढाबेश्वर से अटलेश्वर महादेव तक गूंजा हरहर महादेव, कांवड़ियों पर हुई पुष्पवर्षा

कैची चौराहा पर कांग्रेसजनों ने कांवड़ यात्रा का किया आत्मीय स्वागत-अभिनंदन, शिव-पार्वती की प्रतिमा का किया माल्यार्पण

स्मार्ट हलचल

निंबाहेड़ा (ज़ाकिर हुसैन) श्रावण मास की पावन धार्मिक आस्था और भक्ति से सराबोर रविवार को निंबाहेड़ा नगर में कांवड़ यात्रा के दौरान 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से वातावरण शिवमय हो उठा। ढाबेश्वर महादेव मंदिर से अटल नगर स्थित छोटा पार्क के अटलेश्वर महादेव मंदिर तक अटल नगर कॉलोनी के परिवारजनों द्वारा निकाली गई भव्य कांवड़ यात्रा का कैची चौराहा पर राजस्थान सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की ओर से ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के कांग्रेसजनों ने पुष्पवर्षा कर श्रद्धापूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया। कांवड़ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कांवड़िए धार्मिक उत्साह के साथ शामिल हुए। जैसे-जैसे कांवड़ यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर आगे बढ़ी, श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारों के साथ भक्ति और आस्था का परिचय दिया। कैची चौराहा पहुंचने पर कांग्रेसजनों ने कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान वातावरण 'हर-हर महादेव', 'बम-बम भोले' के जयघोष से गूंज उठा।

शिव-पार्वती की झांकी का किया माल्यार्पण

कांवड़ यात्रा के दौरान निंबाहेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान अध्यक्ष सुभाष चंद्र शारदा ने रथ में विराजित भगवान शिव एवं माता पार्वती की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की तथा क्षेत्र में सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। श्रद्धालुओं ने भी भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कांवड़ यात्रा के स्वागत के दौरान कांग्रेसजनों ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव की आराधना और भक्ति का पवित्र अवसर है। ऐसी धार्मिक यात्राएं समाज में आस्था, सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संदेश देती हैं। कांवड़ यात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का उत्साह निंबाहेड़ा की धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा की जीवंत तस्वीर दिखाई दी। इस अवसर पर चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव नुसरत खान, नगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी, जिला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ अध्यक्ष रोमी पोरवाल, नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष नीलू शर्मा, शम्शु कमर मंसूरी, सचिव धीरज नगरिया, आईटी सेल सह-संयोजक ललित पंचोली, नगर कार्यकारिणी सदस्य मुन्नी देवी तेली, पूर्व पार्षद शोभाराम जाट, स्थानीय निकाय विभाग जिला सचिव शांतिलाल लाड़ना, वार्ड अध्यक्ष मांगीलाल किर, लक्ष्मीलाल गवारिया, प्रकाश जाट एवं यूएस शर्मा, शोभालाल अहीर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि रतनलाल अहीर, छोटे भाई बैंड वाले, जयदीप बाबेल, किशोर पंचोली,मीना आचार्य,मीना माली,शोभा आचार्य,गुड्डी तेली,अकील भाई, सईद भाई, कैलाश नेनावा, अशफाक भाई, हैदर भाई, आशुतोष टांक, विष्णु मीणा, अनिल मीणा एवं कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

राजनीति से दूर, समाज की ओर कदम

धौड़ में पहली बार गैर-राजनीतिक विश्व आदिवासी दिवस, रैली से लेकर खेल मैदान तक दिखी एकता

न मंच, न मुख्य अतिथि, न राजनीतिक भाषण... आदिवासी संस्कृति, प्रतिभा और सामाजिक एकता के नाम रहा पूरा आयोजन

स्मार्ट हलचल

अलकेश पारीक धौड़। विश्व आदिवासी दिवस पर धौड़ महादेव परिसर में रविवार को आदिवासी समाज की ओर से ऐसा आयोजन हुआ, जिसमें राजनीति से दूरी और सामाजिक एकता का संदेश साफ नजर आया। धौड़ में पहली बार विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन पूरी तरह गैर-राजनीतिक रूप से किया गया। आयोजन में न कोई मंच बनाया गया, न मुख्य अतिथि रखा गया और न ही राजनीतिक भाषण हुए। पूरा कार्यक्रम आदिवासी समाज की संस्कृति, परंपरा, प्रतिभा, सामाजिक चेतना और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित रहा। कार्यक्रम की शुरुआत धौड़ ग्राम पंचायत क्षेत्र में निकाली गई विशाल रैली से हुई। रैली में महिला-पुरुषों के साथ बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग और बच्चे शामिल हुए। इसके बाद महादेव परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अलगोजा वादन हुआ। वीरता गीतों की प्रस्तुतियों ने भी माहौल को जोश से भर दिया।

दौड़ में कैलाश और पूजा ने मारी बाजी

पुरुष वर्ग की 1600 मीटर दौड़ में कैलाश मीणा उमर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। हर्षित मीणा द्वितीय और राजेश मीणा मनोहरगढ़ तृतीय रहे। महिला वर्ग में पूजा मीणा शिवगढ़ प्रथम, सुमन मीणा धौड़ द्वितीय और सीमा मीणा टोला तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं 100 मीटर बालिका दौड़ में खुशबू मीणा प्रथम, बिंदु मीणा माल का बड़ा द्वितीय और जानवी भंडारिया तृतीय रहीं।

रस्साकशी में उमर की टीम का दबदबा

रस्साकशी प्रतियोगिता में उमर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि नाथून की टीम द्वितीय रही। अलगोजा वादन में गाडोली ने प्रथम स्थान हासिल किया।

6 वें दिन भी जारी रहा 'सरकना बचाओ आंदोलन',आज श्री सीमेंट प्रबंधन का पुतला फूंकेंगे ग्रामीण

स्मार्ट हलचल

अनिल कुमार ब्यावर। जल, जमीन, पर्यावरण, कृषि और ग्रामीणों के अधिकारों की रक्षा के लिए ग्राम सरकना में शुरू हुआ 'सरकना बचाओ आंदोलन' रविवार को छठे दिन भी लगातार जारी रहा। धरना स्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और संघर्ष समिति के सदस्यों ने हुंकार भरते हुए स्पष्ट किया कि जब तक प्रशासन एवं श्री सीमेंट प्रबंधन द्वारा उनकी मांगों का लिखित व ठोस समाधान नहीं निकाला जाता, संघर्ष जारी रहेगा।

क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने दिया समर्थन

आंदोलन के छठे दिन ग्रामीणों का हौसला बढ़ाने कई सामाजिक व क्षेत्रीय प्रतिनिधि धरना स्थल पहुंचे। इस दौरान ओम काठात चितार, अनिल काठात, नवयुवक मंडल अध्यक्ष रज्जाक काठात, कैलाश जी पिपलाज, सलीम जी खीमपुरा, रसूल, रफीक, फजल, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष इकबाल काठात, अमीन काठात एवं सलीम भाई लसाड़िया सहित कई साथी पहुंचे और ग्रामीणों के शांतिपूर्ण संघर्ष को अपना पूरा समर्थन दिया।

तत्काल समाधान की मांग, आंदोलन तेज करने की चेतावनी

ग्रामीणों और संघर्ष समिति ने कहा कि यह लड़ाई किसी व्यक्ति विशेष की नहीं, बल्कि पूरे गांव के भविष्य, रोजगार और आने वाली पीढ़ियों की जल-जमीन को बचाने की है। समिति ने स्पष्ट किया कि वे किसी प्रकार का टकराव नहीं चाहते और संवाद के जरिए स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। शांतिपूर्ण धरने के बावजूद ठोस पहल न होने पर संघर्ष समिति ने आज प्रातः 11:00 बजे विरोध स्वरूप श्री सीमेंट मैनेजमेंट का पुतला दहन करने का ऐलान किया है। समिति ने आसपास के सभी गांवों के लोगों से बड़ी संख्या में जुटने का आह्वान करते हुए प्रदर्शन को पूरी तरह अनुशासित और शांतिपूर्ण रखने की अपील की है।

उदयलाल आंजना की अनुशंसा से निम्बाहेड़ा नगर आदिवासी कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

नगर अध्यक्ष राजू भील ने घोषित की कार्यकारणी, 26 कार्यकर्ताओं को मिली संगठनात्मक जिम्मेदारी

स्मार्ट हलचल

निम्बाहेड़ा, ज़ाकिर हुसैन) राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंसा एवं अखिल भारतीय आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, राजस्थान प्रदेश आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष विधायक गणेश घोघरा तथा चित्तौड़गढ़ जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष मनोहरसिंह मीणा की सहमति से निम्बाहेड़ा नगर आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष राजू भील गांव कासोद ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा की है। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव, प्रवक्ता, सोशल मीडिया प्रभारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों सहित कुल 26 कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

कार्यकारिणी में इन्हें मिली जिम्मेदारी

नवगठित कार्यकारिणी में चांदमल भील नई आबादी,को संगठन महासचिव नियुक्त किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर गोपाल भील कासोद, नाथूलाल मीणा कासोद, यशवंत भील सब्जी मंडी, नीलू भील कासोद,पृथ्वीराज मीणा चांदखेड़ा, महासचिव के पद पर श्यामलाल भील कासोद, लोकेश मीणा कासोद, फूलवंती भील जावद दरवाज़ा, वरदीचंद भील अंबानगर, विशाल मीणा कच्ची बस्ती, मदनलाल मीणा रानीखेड़ा,, सचिव पद पर कैलाश भील कासोद, कमल भील अंबानगर, पूजा भील कासोद, लक्ष्मण मीणा कासोद, राजू मीणा सांकरिया, प्रवक्ता के पद पर किशन मीणा कासोद एवं कमल भील रानीखेड़ा, सोशल मीडिया प्रभारी अनिल भील कासोद एवं कार्यकारिणी सदस्य सुनील भील कासोद, कन्हैयालाल भील नई आबादी, कालूराम भील रानीखेड़ा, नारायण मीणा कच्ची बस्ती एवं सुनीता मीणा कासोद को नियुक्त किया गया है। आदिवासी कांग्रेस के नगर अध्यक्ष राजू भील ने कहा कि नई कार्यकारिणी के माध्यम से आदिवासी समाज सहित सभी वंचित वर्गों की समस्याओं को मजबूती से उठाते हुए उनके समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

तैराकी परीक्षण के दौरान अभ्यर्थी हुआ अचेत, प्राथमिक उपचार के बाद टोंक रेफर

स्मार्ट हलचल

पीपलू(नरेश कुरेडा)। शहर के भूतेश्वर तालाब में चल रहे नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) परीक्षण भर्ती के तीसरे दिन रविवार को तैराकी परीक्षण के दौरान एक अभ्यर्थी अचानक अचेत हो गया। घटना के बाद भर्ती स्थल पर मौजूद अधिकारियों और अन्य अभ्यर्थियों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार देवली क्षेत्र के डाबरकलां निवासी बृजेश गुर्जर पुत्र रामराज गुर्जर तैराकी परीक्षण में शामिल थे। परीक्षण के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे अचेत हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें संभाला और एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी पीपलू पहुंचाया। सीएचसी पीपलू में चिकित्सकों ने अभ्यर्थी का प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद उनकी स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें आगे के उपचार के लिए टोंक रेफर कर दिया। घटना के बाद भर्ती स्थल पर कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। अधिकारियों ने तत्काल व्यवस्थाएं संभालीं और अन्य अभ्यर्थियों का परीक्षण जारी रखा।

युवा नेता कुसुम लता पवार ने थामा कांग्रेस का हाथ, एम.डी. चौपदार ने दिलाई प्राथमिक सदस्यता

सद्भावना सम्मेलन में 30 वर्षीया कुसुम लता ने जताया पार्टी नीतियों में विश्वास, कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर किया भव्य स्वागत...

अनिल कुमार ब्यावर। जिला कांग्रेस कमेटी ब्यावर के अल्पसंख्यक विभाग द्वारा आयोजित 'सद्भावना सम्मेलन एवं शपथग्रहण समारोह' उस समय आकर्षण का केंद्र बन गया, जब क्षेत्र की 30 वर्षीया युवा नेता कुसुम लता पवार ने औपचारिक रूप से कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया। होटल राजमहल में आयोजित इस भव्य समारोह में कुसुम लता की जॉइनिंग ने युवाओं और कार्यकर्ताओं में नया उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के दौरान कुसुम लता पवार ने कांग्रेस की नीतियों, जनहितैषी विचारधारा और संगठन के सिद्धांतों में अपना पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर एम.डी. चौपदार ने उन्हें पार्टी का दुपट्टा पहनाकर, आशीर्वाद देते हुए संगठन में विधिवत शामिल कराया। कुसुम लता पवार के पार्टी में शामिल होते ही उपस्थित वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। उनके कांग्रेस में आने से ब्यावर क्षेत्र में युवा और महिला वर्ग के बीच संगठन को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। समारोह में ब्यावर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए सैकड़ों कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन ने कुसुम लता को बधाई देते हुए संगठन हित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

व्यसन मुक्त समाज एवं राष्ट्र निर्माण हेतु एकजुट रहने की दिलाई शपथ नशा नाश का द्वार - डाबरिया

स्मार्ट हलचल

काछोला अगस्त -सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वी जयंती के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक सागर राणा के आदेशानुसार जनजागरूकता अभियान के तहत लायंस क्लब भीलवाड़ा टेक्सटाइल सिटी,प्रजापति ईश्वरीय विश्वविद्यालय तथा मेडिकल विंग के संयुक्त तत्वाधान में कोटड़ी पुलिस उपाधीक्षक सुरेश कुमार डाबरिया,थाना प्रभारी नरेश कुमार शर्मा द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। वही कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक सुरेश डाबरिया ने कहा कि नशा वास्तव में नाश का द्वार है। यह एक ऐसी दीमक है जो इंसान के तन, मन, धन और उसके पूरे परिवार को अंदर से खोखला कर देती है। शुरुआत में व्यक्ति नशे को करता है, लेकिन धीरे-धीरे नशा व्यक्ति को पूरी तरह खत्म कर देता है। वही थाना प्रभारी नरेश कुमार ने कहा कि व्यसन मुक्त समाज और राष्ट्र निर्माण हेतु सभी से आह्वान किया जिससे आमजन नशे की प्रवृति से दूर रहकर जीवन में सफलता हासिल करे। नशा मुक्ति एवं राष्ट्र निर्माण महाअभियान - नशा मुक्त भारत अभियान एवं मिशन सम्पंदन के तहत 10 करोड़ नक्शा मुक्ति प्रतिज्ञा महा अभियान का आयोजन किया गया जिसमें करीब 250 से 300 व्यक्तियों ने नशा मुक्ति की शपथ ली एवं उपस्थित अधिकारियों समाज सेवायों व नागरिकों ने व्यसन मुक्त समाज और राष्ट्र निर्माण हेतु एकजुट रहने की शपथ ली। महिला सुरक्षा व हेल्पलाइन प्रचार -महिलाओं की सुरक्षा सशक्तिकरण और आत्मरक्षा हेतु जानकारी दी गई तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, 1090 नंबर का व्यापक प्रचार प्रचार किया गया।

साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल फ्रॉड से बचाव -

साइबर अपराधों ऑनलाइन ठगी और ओटीपी फ्रॉड से बचने के प्रति नागरिकों को सतर्क किया गया तथा किसी भी वित्तीय धोखाधड़ी पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन पर संपर्क करने का सुझाव दिया गया। सड़क सुरक्षा व यातायात नियम - वही इस दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकने के लिए हेलमेट ,सीट बेल्ट के उपयोग,स्पीड लिमिट और यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया।

संजय समदानी की पुण्य स्मृति में रक्तदान शिविर, 91 रक्तदाताओं ने किया रक्तदान

स्मार्ट हलचल

गंगापुर। भारत विकास परिषद शाखा गंगापुर की ओर से स्वर्गीय संजय समदानी की पुण्य स्मृति में समदानी परिवार के सहयोग से रविवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 7 महिलाओं सहित कुल 91 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। रक्तदाताओं को अतिथियों द्वारा आभार पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रक्त संग्रहण का कार्य अनंता हॉस्पिटल उदयपुर एवं कोटड़ी श्याम ब्लड बैंक भीलवाड़ा की टीम द्वारा किया गया। शिविर का शुभारंभ शाखा संरक्षक सुरेश सिंघवी, शाखा अध्यक्ष चमन लोसर, सचिव दिनेश कुमार श्रोत्रिय, शिविर प्रभारी तुषार अग्रवाल, प्रकल्प प्रभारी राजेश समदानी, पवन लोहिया, शिविर संयोजक श्याम समदानी, पवन समदानी तथा समदानी परिवार के शांतिलाल समदानी, नवनीत समदानी एवं निशा समदानी ने मां भारती, युग पुरुष स्वामी विवेकानंद, शंभुलाल समदानी एवं संजय समदानी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। इसके बाद राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का सामूहिक गायन किया गया। सहाड़ा-रायपुर विधायक लादूलाल पितलिया ने शिविर का अवलोकन किया तथा रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। शाखा सचिव दिनेश कुमार श्रोत्रिय ने बताया कि रक्तदान मानव सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम है और भारत विकास परिषद द्वारा सामाजिक सरोकारों के तहत ऐसे सेवा कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। शिविर के दौरान शाखा अध्यक्ष चमन लोसर, वित्त सचिव अखिलेश अग्रवाल, शाखा संरक्षक प्रहलाद सोमानी, सुरेश सिंघवी, प्रकल्प प्रभारी भेरूलाल सुराणा, अरविंद चौधरी, राजकुमार अग्रवाल, अशोक मूंदड़ा, कैलाश कोठारी, कमलेश पाठक, पवन रुइया, चैनसुख जीनगर, रामनारायण वैष्णव, नवरत्न हिरण, कुलदीप बुलिया, राकेश जागेटिया, मनोज मूंदड़ा, हरिवल्लभ शर्मा, राजेश रांका, डॉ. जयसिंह जेतमाल, आशीष सेन, राजेंद्र पाराशर सहित महिला सदस्य पूजा लोहिया, रीना समदानी, सीमा समदानी, अनिता मूंदड़ा, दया सैनी एवं प्रिया जागेटिया मौजूद रहीं। इस अवसर पर गंगापुर के प्रतिष्ठित नागरिक सत्यनारायण बियानी, राजकुमार बहेड़िया, भगतराम मूंदड़ा, संजय हिरण, प्रकाश पिछोलिया, अमित तिवारी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं भारत विकास परिषद के सदस्य उपस्थित रहे।

नामदेव समाज मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ हवन, शिव परिवार एवं संत नामदेव जी की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ

समाजबंधुओं ने यज्ञ में दी आहुतियां, सुख-समृद्धि और शांति की कामना; सोमवार को होगी मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण

स्मार्ट हलचल

मोनू सुरेश छीपा। शाहपुरा। श्री नामदेव छीपा समाज सेवा समिति, शाहपुरा के तत्वावधान में श्री रघुनाथ जी महाराज मंदिर परिसर में आयोजित दो दिवसीय शिव परिवार एवं संत नामदेव जी की मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा एवं लोकार्पण समारोह का शुभारंभ रविवार को धार्मिक विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। समारोह के प्रथम दिवस अशोक कुमार पोडरिक के सान्निध्य में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ हवन कराया गया। हवन में समाजबंधुओं ने श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित कर समाज, परिवार एवं क्षेत्र

की सुख-समृद्धि, शांति एवं मंगल की कामना की। हवन कार्यक्रम में सौरभ नरबान एवं रेणु धनोपिया तथा सुनील कुमार बघेरवाल एवं गुड्डी मालीवाल ने सपत्नीक यज्ञ में बैठकर विधिवत आहुतियां दीं। इस दौरान मंदिर परिसर धार्मिक मंत्रोच्चार एवं भक्ति भाव से गूंज उठा। नामदेव समाज के मोनू सुरेश छीपा ने बताया कि दो दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर समाजबंधुओं एवं श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक एवं सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ संत नामदेव जी के आदर्शों और सनातन संस्कृति के प्रति नई पीढ़ी को प्रेरित करना है। कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष उदय लाल चिचोदिया, सचिव अनिल कुमार बघेरवाल, गोपाल नरबाण, कोषाध्यक्ष रामनारायण नरबान, बंशीलाल मुल्तानी, ओम प्रकाश लफ्फून्दरा, ओम प्रकाश अमरवाल, पवन कुमार मुल्तानी, कान्ता देवी अंछारा, ललिता गंगवाल, शकुंतला बघेरवाल, ज्योति बघेरवाल, मधु अमरवाल एवं सुमित्रा नरबान सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि आयोजन के प्रथम दिवस हवन के पश्चात रात्रि 8 बजे सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सोमवार को प्रातः 9:15 बजे शिव परिवार एवं संत नामदेव जी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। इसके बाद प्रातः 11:15 बजे लोकार्पण कार्यक्रम तथा दोपहर 12 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा। धार्मिक आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। समिति ने समस्त नामदेव छीपा समाज, शाहपुरा सहित क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया।

विनम्र व्यवहार ही व्यक्ति के संस्कारों और व्यक्तित्व की पहचान: रविन्द्र मुनि

शीतल भवन की धर्मसभा में शिष्टाचार और प्रशंसक पर रविन्द्र मुनि ने दिया संदेश

स्मार्ट हलचल

राजेन्द्र बबलू पोखरना कोटड़ी। स्थानीय शीतल भवन में चातुर्मास के दौरान आयोजित धर्मसभा के दौरान प्रवचन में मेवाड़ गौरव, प्रखर वक्ता परम पूज्य श्री रविन्द्र मुनि जी मसा ने शिष्टाचार, विनम्रता और प्रशंसा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य की पहचान केवल उसके ज्ञान, धन या पद से नहीं बल्कि उसके व्यवहार और संस्कारों से होती है। व्यक्ति का मधुर व्यवहार ही उसके व्यक्तित्व को प्रभावशाली बनाता है। मुनि ने कहा कि शिष्टाचार केवल अभिवादन करने तक सीमित नहीं है बल्कि दूसरों के प्रति सम्मान, संयमित वाणी, विनम्रता और सहयोग की भावना रखना भी शिष्टाचार है। हमारी वाणी और व्यवहार से सामने वाले के मन पर सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए बोलने से पहले शब्दों का चयन और व्यवहार करने से पहले सामने वाले की भावनाओं का ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने प्रशंसा के विषय में कहा कि सच्ची प्रशंसा व्यक्ति के उत्साह और आत्मविश्वास को बढ़ाती है, लेकिन झूठी प्रशंसा अहंकार को जन्म दे सकती है। इसलिए प्रशंसा हमेशा गुणों की होनी चाहिए, व्यक्ति को खुश करने के लिए चापलूसी नहीं। इसी प्रकार जब कोई हमारी प्रशंसा करे तो उसमें अहंकार नहीं, बल्कि अपने भीतर और बेहतर बनने की प्रेरणा पैदा होनी चाहिए। वही रविन्द्र मुनि ने कहा कि परिवार, समाज और धार्मिक क्षेत्र में मधुर व्यवहार रखने वाला व्यक्ति सहज ही सबके हृदय में स्थान बना लेता है। सम्मान मांगने से नहीं, अपने आचरण से अर्जित किया जाता है। यदि जीवन में विनम्रता, शिष्टाचार और सद्भाव आ जाए तो अनेक विवाद स्वतः समाप्त हो सकते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे अपने दैनिक जीवन में मीठी वाणी, विनम्र व्यवहार और निष्कपट प्रशंसा को अपनाएं तथा दूसरों के गुणों को देखकर उनसे प्रेरणा लें। यही संस्कार परिवार और समाज को मजबूत बनाने का आधार बन सकते हैं। इस दौरान चातुर्मास समिति के प्रवक्ता अविनाश लोढा, महिला मण्डल की मन्त्री सुनीता पोखरना व प्रवक्ता अनिता पोखरना ने गीतिका प्रस्तुत की। कार्यक्रम का मंच संचालन चातुर्मास समिति के अध्यक्ष शान्ति लाल पोखरना ने किया। सभा में भीलवाड़ा, बड़ा महुआ, नन्दराय, मांडलगढ़ सहित अन्य स्थानों के श्रावक-श्राविकाए उपस्थित थे।

ब्यावर में भू-माफियाओं पर पुलिस का बड़ा प्रहार

फर्जी दस्तावेज बनाकर प्लॉट बेचने वाले गिरोह के 4 शातिर गिरफ्तार, 6.5 लाख रुपये हड़पने का मामला

स्मार्ट हलचल

अनिल कुमार ब्यावर। जिला पुलिस अधीक्षक रतन सिंह के निर्देशों पर थाना साकेत नगर पुलिस ने भू-माफियाओं और फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले गिरोह के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। फर्जी मालिक बनकर जाली कागजातों के जरिए जमीन बेचकर लाखों रुपये ऐंठने वाले गिरोह के 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया एवं वृत्ताधिकारी (ब्यावर) राजेश कसाना के सुपरविजन में साकेत नगर थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया के नेतृत्व में अंजाम दी गई।

यह था पूरा मामला

पुलिस के अनुसार प्रार्थी रवि लुहार ने अदालत के माध्यम से इस्तगासा पेश कर शिकायत दर्ज कराई थी कि गिरोह के सदस्यों ने खुद को ग्राम ठिकराना महेंद्रातान स्थित एक प्लॉट का फर्जी मालिक बताया। आरोपियों ने कूटरचित (जाली) दस्तावेज तैयार कर उक्त प्लॉट प्रार्थी को बेच दिया और छलपूर्वक उससे 6,50,000 रुपये हड़प लिए। शिकायत पर थाना साकेत नगर में मुकदमा संख्या 165/2026, धारा 316(2), 318(4), 336(3), 340(2), 61(2) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

ये आरोपी हुए गिरफ्तार

अनुसंधान के दौरान साकेत नगर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया:

दूदाराम (50 वर्ष) पुत्र पुसाराम सरगरा, निवासी लोटौती (थाना जैतारण, ब्यावर)

मोईनुद्दीन (65 वर्ष) पुत्र सफी मोहम्मद कुरैशी, निवासी निंबाज (थाना जैतारण, ब्यावर)

हनुमान सिंह (60 वर्ष) पुत्र शिव सिंह रावण राजपूत, निवासी राजीव गांधी कॉलोनी (पाली)

जयराम (42 वर्ष) पुत्र पुकाराम कुमावत, निवासी देवली कलां (थाना जैतारण, ब्यावर)

पुलिस टीम की भूमिका

कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में थानाधिकारी सुरजीत ठोलिया, सहायक उप-निरीक्षक तेजाराम, हेड कांस्टेबल महेश कुमार, कांस्टेबल हनुमान सहाय (विशेष योगदान), कांस्टेबल रणजीत, कांस्टेबल राजेंद्र, कांस्टेबल अशोक सिंह और कांस्टेबल ओमप्रकाश शामिल रहे। पुलिस आरोपियों से गहनता से पूछताछ कर रही है और गिरोह द्वारा बनाए गए अन्य फर्जी दस्तावेजों और संभावित सहयोगियों के संबंध में अनुसंधान जारी है।

ब्यावर में अवैध खनन पर पुलिस का शिकंजा

नमन फैक्ट्री के पास जेसीबी और विस्फोटक जब्त, एक डिटेन

स्मार्ट हलचल

अनिल कुमार ब्यावर। जिला पुलिस अधीक्षक रतनसिंह (IPS) के निर्देशन में अवैध खनन और संगठित अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत ब्यावर सदर थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नमन फैक्ट्री के पीछे, पीपलाज-कानाखेड़ा रोड पर जारी अवैध खनन स्थल पर दबिश देकर मौके से भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ और एक जेसीबी मशीन जब्त की है।

पुलिस की टीम और संयुक्त कार्यवाही

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध शाखा, राजस्थान जयपुर) के निर्देशों पर चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया (RPS) तथा वृत्त अधिकारी राजेश कसाणा (RPS) के सुपरविजन में प्रोबे. RPS अनिल पवार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। इस टीम में ब्यावर सदर थाना एवं पुलिस लाइन ब्यावर के जवानों को शामिल किया गया।

मौके से एक आरोपी डिटेन, मुख्य आरोपी फरार

गठित टीम ने पीपलाज-कानाखेड़ा मार्ग पर अवैध खनन के ठिकाने पर घेराबंदी कर कार्यवाही की। पुलिस की भनक लगते ही खनन में लगे आरोपी मौके पर जेसीबी मशीन और विस्फोटक सामग्री छोड़कर भाग निकले। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके से सौरव उर्फ शाहरूख (28) पुत्र बन्नासिंह,निवासी सूरजपुरा को डिटेन किया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने जब्त विस्फोटक सामग्री गेना उर्फ नैना पुत्र नीरा उर्फ बहादुरसिंह (निवासी लहरी) की होना बताया है। ब्यावर सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम:

अनिल पवार (RPS प्रोबे., ब्यावर सदर)
देशराज (हैड कांस्टेबल 2117, ब्यावर सदर)
सुखाराम (कांस्टेबल 3125, ब्यावर सदर)
धर्मवीर सिंह (हैड कांस्टेबल 23, पुलिस लाइन ब्यावर)
अमरचंद (कांस्टेबल 1585, पुलिस लाइन ब्यावर)
दिनेश (कांस्टेबल 317, पुलिस लाइन ब्यावर)

बाल बेडमिंटन संघ के राठौड़ अध्यक्ष व झुरानी उपाध्यक्ष मनोनीत

स्मार्ट हलचल

आज दिनांक 9/8/26 को स्थानीय होटल पर बाल बैडमिंटन संघ के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें अध्यक्ष विश्वबंधु सिंह राठौर, सचिव सलीम रजा, कोषाध्यक्ष श्रीमती सपना कोठारी निर्विरोध चुने गये तथा अन्य पदों पर भी निर्विरोध पदाधिकारी चुने गए, चुनाव अधिकारी श्री लाजपतराय आचार्य, जिला ओलिम्पिक संघ से पर्यवेक्षक श्री कैलाश मूंदड़ा,तथा राज्य बाल बैडमिंटन संघ से इस्लाम नकवी , पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए,उपाध्यक्ष पद पर विजय झुरानी निशांत जेन फरीद मोहम्मद बागवान सुनील चौधरी रियाज खान पठान व सहसचिव पद पर प्रथम ओजा ,वसीम रजा ,जाकिर हुसैन, गोविंद ,अनिल शुक्ला को मनोनीत किया गया एवं सदस्य के रूप में अनु दाधीच, मनीषा मेहता, महावीर सांवरिया, यश झुरानी, अब्दुल हमीद शेख को बनाया गया।

श्री बाड़ियां के बालाजी मंदिर में कावड़ यात्रा को लेकर बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल

राजेन्द्र बबलू पोखरना कोटड़ी। श्री बाड़ियां के बालाजी मंदिर परिसर में आगामी 10 अगस्त को डाक कावड़ यात्रा को लेकर आचार्य समाज एवं युवा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। बैठक में कावड़ यात्रा की तैयारियों, व्यवस्थाओं एवं आयोजन को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर जिम्मेदारियां तय की गईं।बैठक में आचार्य समाज अध्यक्ष कोटड़ी सत्यनारायण आचार्य, आचार्य समाज जिला अध्यक्ष श्री बद्रीलाल आचार्य सहित आयोजककर्ता राहुल, रवि, युवा अध्यक्ष मुकेश आचार्य ने यात्रा की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, अनुशासन, मार्ग व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। आयोजकों ने बताया कि कावड़ यात्रा 10 अगस्त को आयोजित होगी। यात्रा में श्रद्धालु त्रिवेणी संगम से कावड़ लेकर कोटड़ी बाड़ियां के बालाजी तक पहुंचेंगे। यात्रा का उद्देश्य धार्मिक आस्था के साथ समाज के युवाओं एवं श्रद्धालुओं को एकजुट करना है। बैठक में ओमप्रकाश, कैलाश, सुखपाल, रत्नेश, संजय, चन्द्रशेखर, भैरूलाल, महावीर, पुखराज सहित आचार्य समाज के कई सदस्य मौजूद रहे। सभी ने कावड़ यात्रा को सफल एवं भव्य बनाने के लिए सहयोग का संकल्प लिया।

मान-अपमान और सुख-दुख को सहजता से लें वरिष्ठ नागरिक: स्वामी हरि तीर्थ

वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक में बोले—जीवन के उत्तरार्ध को तनाव नहीं, आनंद के साथ जिएं

भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी) वरिष्ठ नागरिकों को मान-अपमान और सुख-दुख दोनों को सहजता से स्वीकार करना चाहिए, तभी जीवन में संतोष और प्रसन्नता बनी रहेगी। यह विचार माउंट आबू शंकर मठ के स्वामी हरि तीर्थ महाराज ने वरिष्ठ नागरिक मंच की अगस्त माह की बैठक में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों ने समाज निर्माण में अपना पूरा जीवन समर्पित किया है। अब जीवन के उत्तरार्ध में छोटे-बड़े हर काम को तनाव के बजाय आनंद के साथ करना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत वंदेमातरम् से हुई। नए सदस्यों और अगस्त माह में जन्मदिन वाले सदस्यों का सम्मान किया गया। महासचिव कृष्ण गोपाल सोमानी ने संचालन किया। संरक्षक इंजी. ओमप्रकाश हिंगड़ ने स्वागत और प्रदेश संरक्षक श्याम कुमार डाड ने आभार जताया। अध्यक्ष मदन खटोड़ ने आगामी कार्यक्रमों तथा प्रांतीय-राष्ट्रीय गतिविधियों की जानकारी दी। बैठक में मंच के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे।

तिरंगे के रंग में रंगा भीलवाड़ा, निगम की प्रभात फेरी में गूंजा देशभक्ति का जोश

आज पांच स्थानों पर प्रभात फेरी, कल दोपहर 1 बजे निकलेगी भव्य तिरंगा रैली निगम से शुरू होकर रेलवे स्टेशन, गोल प्याऊ और सूचना केंद्र होते हुए लौटेगी

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी) स्वतंत्रता दिवस के जश्न से पहले भीलवाड़ा में देशभक्ति का रंग चढ़ने लगा है। नगर निगम ने आजादी के पर्व को जन-जन का उत्सव बनाने के लिए आयोजनों की श्रृंखला शुरू कर दी है। रविवार को शहर के पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रभात फेरियां निकलीं, जिनमें देशभक्ति के नारों से शहर गूंज उठा। अब सोमवार को शहर में भव्य तिरंगा रैली निकाली जाएगी।

पांच इलाकों में निकली प्रभात फेरी

निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के तहत नगर निगम कार्यालय

सहित सांगानेरी गेट, बापू नगर, कुंभा सर्किल और सुभाष नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। मुख्य प्रभात फेरी नगर निगम कार्यालय से रवाना होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। इस दौरान निगम सचिव हरनारायण माली, लेखा अधिकारी सुरेश चंद्र कास्ट, सहायक अभियंता मनीष सांगेला, कार्यालय अधीक्षक शिवकुमार गारू सहित निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया।

कल तिरंगे के साथ सड़कों पर उतरेगा शहर

स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की अगली कड़ी में 10 अगस्त को दोपहर 1 बजे विशाल तिरंगा रैली निकाली जाएगी। रैली नगर निगम से शुरू होकर मुरली विलास रेलवे स्टेशन, गोल प्याऊ चौराहा और सूचना केंद्र होते हुए वापस नगर निगम पहुंचेगी। रैली में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, आमजन और नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। हाथों में तिरंगा और जुबां पर देशभक्ति के नारों के साथ शहर को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंगने की तैयारी है।

निगम की शहरवासियों से अपील

नगर निगम प्रशासन ने शहरवासियों से आह्वान किया है कि वे तिरंगा रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आजादी के पर्व को जनभागीदारी का उत्सव बनाएं। प्रभात फेरी के बाद अब तिरंगा रैली की बारी—कल भीलवाड़ा की सड़कों पर देशभक्ति का जोश और तिरंगे की शान नजर आएगी।

7 हजार कांवड़ियों के जयघोष से गूंजा भीलवाड़ा, 51 फीट की कांवड़ बनी आकर्षण का केंद्र...

निंबार्क आश्रम से हरणी महादेव तक उमड़ा शिवभक्तों का सैलाब, 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से शिवमय हुआ शहर

स्मार्ट हलचल

भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी) श्रावण मास की भक्ति में रविवार को भीलवाड़ा पूरी तरह शिवमय नजर आया। पूर्वांचल जनचेतना सेवा समिति के तत्वावधान में निंबार्क आश्रम, गांधीनगर से हरणी महादेव मंदिर तक निकली भव्य कांवड़ यात्रा में करीब 7 हजार शिवभक्तों ने कदम से कदम मिलाया। विशाल जनसैलाब के बीच निकली 51 फीट लंबी भव्य कांवड़ यात्रा का मुख्य आकर्षण रही।

संतों के सान्निध्य में हुआ भव्य आगाज

पूज्य महंत श्री 108 मोहन शरण महाराज के सान्निध्य और आशीर्वाद में कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ। महामंडलेश्वर हंसाराम महाराज, महामंडलेश्वर महंत बाबूगिरी महाराज, महंत बनवारी शरण काठिया बाबा, पंडित मुरारी पांडे और सागर दास जी महाराज हमीरगढ़ सहित संत-महात्माओं ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी

सहित जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों ने तिरंगा झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।

'हर-हर महादेव' से गूंजे रास्ते, उमड़ा आस्था का सैलाब

जैसे-जैसे कांवड़ यात्रा आगे बढ़ी, 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से शहर का माहौल भक्तिमय होता गया। ढोल-नगाड़ों की गूंज, भजन मंडलियों की प्रस्तुतियां और शिवभक्तों का उत्साह यात्रा को भव्य बनाता रहा। 51 फीट की विशाल कांवड़ को देखने के लिए यात्रा मार्ग पर बड़ी संख्या में शहरवासी उमड़ पड़े। जगह-जगह सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों ने कांवड़ियों का स्वागत कर पेयजल और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की।

हरणी महादेव में जलाभिषेक, गूंजा भोलेनाथ का जयकारा

कांवड़ यात्रा के हरणी महादेव मंदिर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा-अर्चना की और जलाभिषेक किया। शिव आरती के बाद श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था की गई, जिसमें हजारों शिवभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

व्यवस्थाओं में दिखी सेवा और समर्पण

मीडिया प्रभारी विक्रम झा ने बताया कि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, सुरक्षा, भजन मंडलियों और प्रसादी समेत आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। प्रशासन और स्वयंसेवकों ने भी यात्रा को व्यवस्थित बनाने में सहयोग किया।

जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

समिति अध्यक्ष अरुण राय ने आयोजन की सफलता पर श्रद्धालुओं, सहयोगी संस्थाओं, प्रशासन, पत्रकारों, भजन मंडलियों और स्वयंसेवकों का आभार जताया। निंबार्क पारमार्थिक सेवा ट्रस्ट, निंबार्क सेवा समिति सहित विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों और समाजसेवियों ने यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा आस्था, ऊर्जा, सेवा और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम बनी।

इनकी रही सक्रिय भागीदारी

आयोजन को सफल बनाने में समिति संरक्षक एच.एल. बघेल, आनंद राय, डॉ. अशोक सिंह, उमेश शुक्ला, सचिव ओमप्रकाश सिंह, रोशन सिंह, सुरेश चंद्रवंशी, हंसराज यादव, विनोद सिंह, राजीव कुमार सिंह और कामेश्वर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों की सक्रिय भूमिका रही।

श्रावण की भक्ति में डूबे भीलवाड़ा ने एक बार फिर दिखा दिया कि जब आस्था का कारवां निकलता है तो शहर की सड़कें भी शिवधाम बन जाती हैं।

ढूंढिया चौराहे पर बबूल की झाड़ियों से हादसे का खतरा, जिम्मेदारों से सफाई की मांग

स्मार्ट हलचल

पीपलू (नरेश कुरेडा) । स्टेट हाईवे-121 से कुरेड़ा गांव की तरफ निकलने वाले कट पर सड़क किनारे उगी बबूल की झाड़ियों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। झाड़ियों के चलते स्टेट हाईवे से आने-जाने वाले वाहन चालकों को सामने से आ रहे वाहनों का समय पर पता नहीं चल पाता, जिससे यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ढूंढिया चौराहे पर कट के आसपास बबूल की झाड़ियां काफी बढ़ गई हैं, जिससे दृश्यता (विजिबिलिटी) कम हो गई है। खासकर हाईवे से कुरेड़ा की ओर मुड़ते समय वाहन चालकों को सामने से आने वाले वाहनों को देखने में परेशानी होती है। चौराहे और कट पर पर्याप्त दृश्यता सड़क सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। हाईवे जंक्शन पर दृश्यता बाधित होने से टक्कर का जोखिम बढ़ सकता है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि ढूंढिया चौराहे के कट के आसपास उगी बबूल की झाड़ियों को तत्काल हटाया जाए, ताकि वाहन चालकों को साफ दिखाई दे और संभावित हादसे को टाला जा सके। लोगों का कहना है कि हादसा होने का इंतजार करने के बजाय विभाग को समय रहते सुरक्षा की दृष्टि से कार्रवाई करनी चाहिए।

फिजियो प्लस-क्लिनिकल इनोवेशन मीट 2026 में फिजियोथेरेपी के भविष्य पर हुआ मंथन

'दर्द से आगे: फिजियोथेरेपी में रिकवरी का मापन' विषय पर विशेषज्ञों ने साझा किए विचार

स्मार्ट हलचल

जयपुर मणिपाल हॉस्पिटल में क्लिनिकल इनोवेशन मीट 2026 का सफल आयोजन किया गया। फिजियो प्लस के सह-संस्थापक जसवंत सिंह, मधुकर पारीक एवं समित सक्सेना द्वारा मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर एवं जयपुर फिजियोथेरेपिस्ट नेटवर्क (जेपीएन) के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में 100 से अधिक फिजियोथेरेपिस्ट, विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य विषय 'दर्द से आगे: फिजियोथेरेपी में रिकवरी का मापन' रहा। इसमें इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि फिजियोथेरेपी में केवल दर्द कम होना ही उपचार की सफलता का मानक नहीं होना चाहिए, बल्कि मरीज की रिकवरी को वैज्ञानिक, मापनीय एवं आंकड़ों पर आधारित तरीकों से नियमित रूप से मापा और



दर्ज किया जाना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने परिणाम आधारित फिजियोथेरेपी, साक्ष्य आधारित उपचार पद्धति, आधुनिक पुनर्वास तकनीक, खेल चोट प्रबंधन एवं आंकड़ा आधारित मरीज देखभाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार साझा किए। विशेषज्ञों ने कहा कि आधुनिक फिजियोथेरेपी में तकनीक, वैज्ञानिक मूल्यांकन और मरीज की प्रगति के मापन का उपयोग उपचार को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इससे चिकित्सक मरीज की रिकवरी को बेहतर ढंग से समझने के साथ-साथ उपचार की दिशा में आवश्यक बदलाव भी कर सकते हैं।कार्यक्रम में मेडेंट्रिक मेडटेक, क्यूरापॉड, वीएएलडी, केमटाई एवं वनस्टेप जैसी स्वास्थ्य तकनीक एवं पुनर्वास तकनीक क्षेत्र की कंपनियों की भागीदारी रही। इन कंपनियों ने आधुनिक पुनर्वास, मरीजों की शारीरिक प्रगति के आकलन एवं रिकवरी को मापने से जुड़ी नवीन तकनीकों और समाधानों की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में प्रमुख विशेषज्ञों के रूप में डॉ.बीआर बगारिया, विभागाध्यक्ष-अस्थि एवं जोड़ शल्य चिकित्सा, मणिपाल हॉस्पिटल; डॉ.मुकेश हरिरवाल, विभागाध्यक्ष-स्पाइन केयर, मणिपाल हॉस्पिटल; डॉ.मनीष राजपुरोहित, विभागाध्यक्ष-फिजियोथेरेपी, मणिपाल हॉस्पिटल; डॉ.सुनील घरवाल, विभागाध्यक्ष-फिजियोथेरेपी, सीकेएस हॉस्पिटल; डॉ.दीपक कुमार सिंह; डॉ.हिमांशु माथुर; डॉ.विक्रम यादव; डॉ.नेहा तंवर एवं डॉ.प्रताप तंवर सहित अन्य विशेषज्ञों ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान आयोजित विशेषज्ञ परिचर्चा का संचालन डॉ. मनीष राजपुरोहित ने किया। परिचर्चा में फिजियोथेरेपी में वैज्ञानिक निर्णय प्रक्रिया, उपचार के परिणामों का मापन, तकनीक के उपयोग तथा भविष्य में फिजियोथेरेपी के बदलते स्वरूप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।फिजियो + के सह-संस्थापकों ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य फिजियोथेरेपिस्ट्स को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे विशेषज्ञ चिकित्सकों, अस्पतालों एवं स्वास्थ्य तकनीक कंपनियों के साथ अपने ज्ञान और अनुभव साझा कर सकें। साथ ही, आधुनिक तकनीकों एवं वैज्ञानिक उपचार पद्धतियों को अपनी चिकित्सकीय सेवाओं में शामिल करने की दिशा में आगे बढ़ सकें। आयोजकों के अनुसार, फिजियो प्लस-क्लिनिकल इनोवेशन मीट 2026 ने फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण विचार को सामने रखा कि अब ध्यान केवल उपचार करने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उपचार के बाद प्राप्त होने वाले मापनीय परिणामों और मरीज की वास्तविक रिकवरी पर भी होना चाहिए। यह आयोजन चिकित्सकों, फिजियोथेरेपिस्ट्स, अस्पतालों एवं स्वास्थ्य तकनीक से जुड़े नवाचारकर्ताओं के बीच सहयोग को मजबूत करने तथा फिजियोथेरेपी को अधिक वैज्ञानिक, तकनीक-सक्षम और परिणाम आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। आयोजन का संदेश रहा कि 'बेहतर परिणाम मापें, बेहतर देखभाल को ट्रैक करें और बेहतर जीवन में बदलाव लाएं।'

ब्यावर में आज 'महिला सुरक्षा संकल्प' कार्यक्रम: डीजीपी मालिनी अग्रवाल करेंगी महिलाओं व बालिकाओं से संवाद

स्मार्ट हलचल

अनिल कुमार ब्यावर। जिले के वर्धमान महाविद्यालय में आज प्रात: 9:00 बजे 'महिला सुरक्षा संकल्प' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत पुलिस महानिदेशक (यातायात) मालिनी अग्रवाल ब्यावर जिले की महिलाओं और बालिकाओं के साथ सीधा संवाद करेंगी। पुलिस अधीक्षक (ब्यावर) रतन सिंह ने बताया कि महानिदेशक पुलिस राजस्थान राजीव शर्मा के निर्देशानुसार सम्पूर्ण राजस्थान में 1 जुलाई से 29 जुलाई 2026 तक 'महिला सुरक्षा संकल्प अभियान' चलाया गया था। इसी श्रृंखला में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से इस विशेष संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कानूनी जानकारी और रैली का होगा आयोजन

इस कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा से जुड़े कानूनों, नवीन न्याय संहिता, साइबर सेफ्टी, हेल्पलाइन नंबरों, राजकॉप ऐप और कालिका पेट्रोलिंग यूनिट के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही महिला सुरक्षा का संदेश देने के लिए एक 'वाहन सुरक्षा रैली' निकाली जाएगी और थाना परिसर में स्कूली बालिकाओं के साथ पुलिस अधिकारियों का सीधा संवाद आयोजित किया जाएगा।

विविध योजनाओं पर रहेगा जोर

अभियान के मुख्य उद्देश्यों में हर स्तर पर महिला सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना शामिल है। कार्यक्रम में वरिष्ठ जन सम्बल योजना, बाल-बालिकाओं में जेंडर सेंसिटाइजेशन, महिला पुलिस कर्मियों को सुरक्षा प्रशिक्षण देने के साथ-साथ स्लम एरिया, महिला श्रमिकों और एकल बुजुर्ग दंपतियों से संवाद स्थापित करने की योजना बनाई गई है।

ब्यावर नगर परिषद चुनाव-2026

निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन मुस्तैद, एसडीएम दिव्यांश सिंह ने ली 27 प्रकोष्ठों की बैठक

लापरवाही और आचार संहिता उल्लंघन पर होगी सीधी कार्रवाई, ईवीएम सुरक्षा और संवेदनशील बूथों पर कड़ी निगरानी के निर्देश

स्मार्ट हलचल

अनिल कुमार ब्यावर। नगर परिषद ब्यावर आम चुनाव-2026 को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। रविवार को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) दिव्यांश सिंह (IAS) ने चुनाव संचालन के लिए गठित सभी 27 प्रकोष्ठों के प्रभारी और सहायक प्रभारी अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में रिटर्निंग अधिकारी ने सख्त निर्देश दिए कि राज्य निर्वाचन आयोग के नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनावी ड्यूटी में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक के प्रमुख फैसले और निर्देश:

एकल खिड़की से तुरंत मिलेंगी अनुमतियां: प्रत्याशियों को रैली, जुलूस, प्रचार और वाहनों की अनुमति

के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए सिंगल विंडो सिस्टम को सुचारू रखने और आचार संहिता उल्लंघन की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

EVM और स्ट्रांग रूम की अभेद्य सुरक्षा: ईवीएम के रेंडमाइजेशन और मास्टर डेटा अपडेट करने के साथ ही मतदान के बाद ईवीएम को सुरक्षित रखने के लिए अस्थाई स्ट्रांग रूम में सुरक्षा के कड़े इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा गया।

संवेदनशील केंद्रों पर पैनी नजर: अतिसंवेदनशील व संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल, वीडियोग्राफी और माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए जाएंगे। मतदाताओं के लिए बूथों पर सुविधाएं: दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की सुगमता के लिए हर बूथ पर रैंप, व्हीलचेयर, पेयजल, छाया और वॉलिंटियर्स की माकूल व्यवस्था रहेगी। रोजाना देनी होगी प्रगति रिपोर्ट: एसडीएम दिव्यांश सिंह ने सभी 27 प्रकोष्ठों को आपस में बेहतर समन्वय बनाने और दैनिक प्रगति रिपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए हैं। बिना पूर्व अनुमति उपखंड मुख्यालय से बाहर के कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी में न लगाने की बात भी कही गई।

छात्रों की आवाज़ बुलंद करने के लिए यूथ कांग्रेस की 'छात्रों की गूंज' गोष्ठी आयोजित: राहुल गांधी के संवाद को लेकर दिखा उत्साह

शिक्षा, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं के मुद्दों पर हुई चर्चा, जिलाध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया ने युवाओं से की सक्रिय भागीदारी की अपील

(स्मार्ट हलचल)

चित्तौड़गढ़। छात्रों और युवाओं की समस्याओं को मजबूती देने तथा उनके मुद्दों को राष्ट्रीय पटल तक पहुंचाने के उद्देश्य से यूथ कांग्रेस द्वारा चित्तौड़गढ़ में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के तहत एक छात्र गोष्ठी का आयोजन किया गया। यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि सागर चौधरी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

युवाओं के भविष्य, रोजगार व शिक्षा पर हुआ मंथन

कार्यक्रम का सफल संचालन अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष इम्तियाज लोहार ने किया। उन्होंने गोष्ठी की रूपरेखा रखते हुए शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, भर्ती प्रक्रिया और युवाओं के भविष्य से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि आज देश का युवा अपने भविष्य को लेकर गंभीर चिंताओं में घिरा हुआ है। ऐसे समय में कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा छात्रों से सीधे संवाद की पहल उनकी समस्याओं को राष्ट्रीय मंच पर उठाने की दिशा में एक अहम और सार्थक कदम है।

'युवाओं की समस्याओं को उठाना यूथ कांग्रेस की प्राथमिकता'

यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि सागर चौधरी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'छात्रों की गूंज' केवल एक कार्यक्रम मात्र नहीं है, बल्कि यह युवाओं के सवालों को मजबूती से सामने रखने का एक व्यापक अभियान है। युवाओं की समस्याओं को सुनना और उन्हें उचित मंच तक पहुंचाना यूथ कांग्रेस की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

देश की ताकत हैं युवा, उठाएं अपनी आवाज़: प्रमोद सिसोदिया

मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया ने

कहा कि छात्र और युवा देश की सबसे बड़ी ताकत और भविष्य हैं। उनके भविष्य से जुड़े सवालों को गंभीरता से उठाना अति आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज़ बुलंद करें और देश तथा समाज के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। गोष्ठी में छात्रों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और शिक्षा व रोजगार सहित विभिन्न मुद्दों पर अपने बेबाक विचार रखे।

?कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

?गोष्ठी में हृस्द्ध के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय राव, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष इम्तियाज लोहार, अजय लोठ, यूथ कांग्रेस के रामरतन गाडरी, पंकज शर्मा, बाबू भारद्वाज, चिंटू शर्मा, पृथ्वीराज गुर्जर, बालकिशन गाडरी, राधेश्याम भेरू, प्रेम, अरमान अली, लियाकत अली, जावेद हुसैन, असलम, इरफान खान, अंकुश आदिवाल, हरीश शर्मा, रोनी खटीक, प्रवीण खटीक, पूरन सिंह, भागवत लोहार, दीपक सेन, अरुण पवार, आसिफ, गोविंद खटीक, राहुल रेगर, सोनू सोनी, लकी लोहार, खुमेंद्र गुर्जर, युवराज सिंह, रतन जाट, देवपाल सिंह, सांवर गुर्जर, नरेंद्र जाट, सोनू वास्तु और आलोक सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, हृस्द्ध के पदाधिकारी एवं छात्र मौजूद रहे।

हर घर तिरंगा अभियान: देशभक्ति के रंग में रंगा ब्यावर जिला, मंत्री अविनाश गहलोत की मौजूदगी में निकलीं भव्य रैलियां

स्मार्ट हलचल

अनिल कुमार ब्यावर। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत जिलेभर में राष्ट्रभक्ति का अभूतपूर्व माहौल देखने को मिला। रविवार को जिले के विभिन्न नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में विशाल तिरंगा रैलियों का आयोजन किया गया, जिसमें जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

जैतारण में कैबिनेट मंत्री ने संभाली कमान

जैतारण में आयोजित मुख्य तिरंगा रैली में कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत ने स्वयं हाथों में राष्ट्रध्वज लेकर शिरकत की। जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है। 'हर घर तिरंगा' अभियान हर नागरिक के दिल में देशप्रेमी भावना और राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान को और गहरा करने का एक सशक्त माध्यम है।' देशभक्ति के नारों से पूरा जैतारण क्षेत्र गूंज उठा।

नगर परिषद ब्यावर की ओर से निकला जनसैलाब

वहीं ब्यावर शहर में नगर परिषद आयुक्त श्रीमती कीर्ति कुमावत के नेतृत्व में एक भव्य तिरंगा रैली निकाली गई। नगर परिषद के अधिकारियों, कर्मचारियों और शहरवासियों ने हाथों में तिरंगा थामकर शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए राष्ट्रीय एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया।

जन-जन की भागीदारी बनी अभियान की ताकत

जिलेभर में आयोजित इन रैलियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने एक व्यापक जनआंदोलन का रूप ले लिया है। ग्रामीण और शहरी, दोनों ही क्षेत्रों में नागरिकों के इस उत्साह ने संपूर्ण ब्यावर जिले को तिरंगे के रंग में सराबोर कर दिया।

अजमेर में दिनदहाड़े चेन स्नेचिंग

महिला की आंखों पर हाथ रखकर सोने की चेन तोड़ भागा बदमाश, पुलिस जांच में जुटी

अजमेर अजमेर के क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र में रविवार को दिनदहाड़े एक महिला के गले से सोने की चेन झपटने (स्नेचिंग) की वारदात को अंजाम देकर बदमाश फरार हो गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। क्रिश्चियन गंज निवासी रेनू रॉबिन्सन ने बताया कि वह स्कूल से घर लौट रही थीं। तभी रास्ते में मुँह पर कपड़ा बाँधे एक युवक उनके पास आया। बदमाश ने अचानक पीछे से उनकी आँखों पर हाथ रखकर उन्हें बंद कर दिया और गले में पहनी सोने की चेन तोड़कर भाग गया। पीड़िता के अनुसार, वारदात के तुरंत बाद जब उन्होंने मदद के लिए शोर मचाया, तो आसपास के लोग वहाँ एकत्र हो गए।

दो महिलाओं के नेत्रदान से चार लोगों को मिलेगी नई नेत्र ज्योति, आधे घंटे में भवानीमंडी में संपन्न हुए दो जोड़ी नेत्रदान

भवानीमंडी में बढ़ रहा है नेत्रदान का कारवां, 160 वां व 161 वा नेत्रदान

स्मार्ट हलचल/ रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी भवानीमंडी में नेत्रदान के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है और रविवार को ऐसा ही हुआ जब महज आधे घंटे में संपन्न हुए दो जोड़ी नेत्रदान से चार लोगों को नई नेत्रज्योति मिलेगी। जहां 3 महीने में पिता रामगोपाल पालीवाल के बाद माता रामकन्या बाई की मृत्यु होने पर पुत्र योगेश पालीवाल के द्वारा उनका भी नेत्रदान करवा कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया गया। वही तीन पुत्रीयों ने अपने माता के नेत्रदान का निर्णय लेकर उनकी ज्योति को अमर किया। भारत विकास परिषद के नेत्रदान प्रभारी एवं शाइन इंडिया फाउंडेशन

के नगर संयोजक कमलेश गुप्ता दलाल ने बताया कि रविवार सुबह योगेश पालीवाल की माता रामकन्या बाई पालीवाल को स्वास्थ्य समस्या हुई एवं राजकीय चिकित्सालय ले जाने पर वहीं पर उनका निधन हो गया, नेत्रदान के प्रति परिवार पहले से ही जागरुक है, ऐसे में पुत्र योगेश के द्वारा माता के नेत्रदान का निर्णय लिया गया एवं पुरुषोत्तम पालीवाल और संजय पालीवाल की सूचना पर शाइन इंडिया फाउंडेशन की टीम ने ज्योति-रथ से भवानीमंडी पहुंचकर दोपहर 2 बजे नेत्रदान प्रक्रिया संपन्न करके कोर्निया प्राप्त किया। नेत्रदान प्रक्रिया में गोविंद गुप्ता एवं राजेश गोटावाला ने सहयोग किया। जिस समय रामकन्या बाई की नेत्रदान प्रक्रिया संचालित हो रही थी उसी समय पड़ोस में महिला कमलाबाई चौहान का देहांत होने पर उपस्थित बेटियां पायल, प्रतिष्ठा एवं मोना तथा दामाद राजेश शर्मा ने माता के नेत्रदान के लिए स्वयं निवेदन किया, चूकि नेत्र उत्तसरण टीम के पास कोर्निया संकलन के दो किट थे, ऐसे में महज आधे घंटे में दूसरा नेत्रदान भी हो गया। शाइन इंडिया फाउंडेशन के डॉ कुलवंत गौड़ के अनुसार दोनों नेत्रदान से प्राप्त कॉर्निया उत्तम गुणवत्ता के पाए गए है, जिनको आई बैंक जयपुर भेज दिया गया है जहां पर प्रत्यारोपित होकर यह चार लोगों को नई रोशनी प्रदान करेंगे। नेत्रदान प्रभारी कमलेश गुप्ता दलाल के अनुसार शाइन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से यह भवानीमंडी से 160 वां एवं 161 वां नेत्रदान प्राप्त हुआ है।

आरोग्य मेले में डॉक्टर रहे नदारद, मरीज भटकते रहे

कोट जहांगीरनगर और पौली पीएचसी में चिकित्सक नहीं पहुंचे, फार्मासिस्ट ने बांटी दवाएं

स्मार्ट हलचल

खखरेरू/फतेहपुर। स्वास्थ्य विभाग की ओर से रविवार को आयोजित आरोग्य मेले में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली सामने आई। कोट, जहांगीरनगर और पौली पीएचसी में चिकित्सकों की गैरमौजूदगी से इलाज के लिए पहुंचे मरीज परेशान रहे। कई मरीजों को चिकित्सक के बजाय फार्मासिस्ट से दवा लेकर लौटना पड़ा। कोट पीएचसी में आयोजित आरोग्य मेले में कुल 31 मरीजों का पंजीकरण किया गया। इनमें अधिकांश मरीज डायरिया, बुखार, उल्टी और दस्त की शिकायत लेकर पहुंचे थे। लेकिन मेले में चिकित्सक भावना सिंह और एलटी संजीत चौधरी मौजूद नहीं थे। चिकित्सक की अनुपस्थिति में फार्मासिस्ट प्रदीप सिंह और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीजों को दवाएं वितरित कीं। इसी तरह पौली पीएचसी में 10 मरीजों का पंजीकरण हुआ, लेकिन यहां भी चिकित्सक के मौजूद नहीं होने से मरीजों में नाराजगी दिखाई दी। जहांगीरनगर पीएचसी में भी चिकित्सक के नहीं पहुंचने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पीएचसी में आए दिन चिकित्सकों की अनुपस्थिति बनी रहती है और कई बार केंद्र पर ताला भी लटका रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोग्य मेले का आयोजन ग्रामीणों को उनके गांव के आसपास बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जाता है, लेकिन चिकित्सकों की अनुपस्थिति के कारण इसका लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से आरोग्य मेले के दौरान सभी पीएचसी पर चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने की मांग की है। इस संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धाता के अधीक्षक राजेंद्र कुमार ने बताया कि कोट पीएचसी की चिकित्सक भावना सिंह और एलटी संजीत चौधरी छुट्टी पर हैं। हालांकि, आरोग्य मेले के दौरान चिकित्सक की अनुपस्थिति को लेकर सवाल उठ रहे हैं कि ऐसे में मरीजों को समुचित चिकित्सकीय परामर्श और उपचार कैसे उपलब्ध कराया जाएगा।

सदर विधायिका का 9 वर्ष पूर्ण : कठेरिया समाज का भव्य सम्मान समारोह संपन्न, 'मिशन-2027' को लेकर एकजुटता का दिया संदेश

सदर विधायक सरिता भदौरिया रहीं मुख्य अतिथि, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया सहित समाज के प्रमुख लोगों ने की शिरकत

स्मार्ट हलचल

इटावा। अखिल भारतीय कठेरिया समाज जनपद इटावा के तत्वावधान में रविवार को शास्त्री चौराहा स्थित नारायण बैंकट हॉल में आयोजित भव्य सम्मान समारोह 'मिशन-2027' सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। समारोह के दौरान सामाजिक एकजुटता, शिक्षा, संगठन की मजबूती और समाज के हितों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर विधायक को 51 किलो की माला, पगड़ी, तलवार भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया रहीं, जब कि पूर्व

सांसद प्रेमदास कठेरिया विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कठेरिया समाज के प्रदेश अध्यक्ष महाराम कठेरिया ने की। इस दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों का सम्मान भी किया गया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि समाज की प्रगति के लिए आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होकर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। शिक्षा को समाज की तरक्की का प्रमुख आधार बताते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने और युवाओं को रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया।

'मिशन-2027' को लेकर हुआ मंथन

सम्मान समारोह को 'मिशन-2027' का नाम दिए जाने के कारण कार्यक्रम के दौरान आगामी समय में समाज की भूमिका और संगठनात्मक मजबूती को लेकर भी चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि समाज को अपने अधिकारों, विकास और सम्मान के लिए संगठित होकर सकारात्मक दिशा में कार्य करना होगा। समारोह में मौजूद समाज के लोगों ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने, युवाओं को आगे बढ़ाने तथा समाज में शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक ताकत उसकी एकता और शिक्षा में निहित होती है।

बड़ी संख्या में पहुंचे समाज के लोग

कार्यक्रम में इटावा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से कटेरिया समाज के लोग पहुंचे। आयोजन स्थल पर समाज के लोगों में खासा उत्साह दिखाई दिया। आयोजकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी लोगों का आभार जताया। समारोह के अंत में कार्यक्रम संयोजक श्यामवीर सिंह कठेरिया ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज को एक मंच पर लाने और नई पीढ़ी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'मिशन-2027' के माध्यम से सामाजिक एकजुटता और संगठन को मजबूत करने की दिशा में आगे भी लगातार कार्यक्रम आयोजित किए जाने की बात कही गई। कार्यक्रम को लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी कमलेश कठेरिया, राम बाबू कठेरिया, भानु प्रताप, सुनील कठेरिया, विपिन कठेरिया, सचिन कठेरिया, शैलेन्द्र वर्मा, श्याम चौधरी आदि ने संबोधित किया।

स्थानीय निकाय एवं पंचायत चुनाव की तैयारी में कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन

महवा में चुनावी रणनीति पर महामंथन, भाजपा बसपा के 51 कार्यकर्ताओं ने थामा कांग्रेस का दामन

21 सदस्यीय समिति के गठन पर चर्चा, स्थानीय और जिताऊ उम्मीदवारों को टिकट देने पर जोर

स्मार्ट हलचल

नीरज मीणा महवा। आगामी पंचायत राज एवं नगरीय निकाय चुनाव-2026 को लेकर महवा विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चुनावी तैयारियों को लेकर कांग्रेस ने रविवार को मंडल गाजीपुर स्थित देवनारायण मंदिर परिसर में बैठक आयोजित कर संगठन की आगामी रणनीति पर विस्तार से मंथन किया। बैठक में कांग्रेस नेताओं ने जहां संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर जोर दिया, वहीं टिकट वितरण, संभावित प्रत्याशियों के चयन, चुनावी रणनीति और स्थानीय निकायों में पार्टी की स्थिति मजबूत करने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। बैठक के दौरान कांग्रेस ने क्षेत्र में अपना शक्ति प्रदर्शन करते हुए भाजपा एवं बसपा से जुड़े 51 कार्यकर्ताओं को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा पार्टी का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में नए कार्यकर्ताओं के कांग्रेस में शामिल होने से बैठक में उत्साह का माहौल नजर आया। कांग्रेस नेताओं ने इसे संगठन के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

चुनाव से पहले संगठन को मजबूत करने की कवायद

बैठक में आगामी पंचायत राज एवं नगरीय निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। नेताओं ने कहा कि चुनाव में सफलता के लिए केवल बड़े स्तर की सभाओं के बजाय बूथ स्तर तक मजबूत संगठन खड़ा करना जरूरी है। इसके लिए प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करने, मतदाताओं से लगातार संपर्क बनाए रखने और स्थानीय समस्याओं को प्रमुखता से उठाने पर जोर दिया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं से गांव-गांव और वार्ड-वार्ड पहुंचकर आमजन से संवाद करने तथा कांग्रेस की नीतियों एवं विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। साथ ही चुनाव के दौरान संगठनात्मक समन्वय बनाए रखने और कार्यकर्ताओं के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने पर भी जोर दिया गया।

21 सदस्यीय समिति के गठन पर मंथन

पंचायत राज एवं स्थानीय निकाय चुनावों के लिए 21 सदस्यीय समिति गठित करने पर भी चर्चा हुई। यह समिति संभावित उम्मीदवारों के नामों पर विचार-विमर्श करेगी और संगठन के समक्ष अपनी अनुशंसा प्रस्तुत करेगी। बैठक में टिकट वितरण को लेकर भी नेताओं ने अपनी रणनीति स्पष्ट की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि टिकट वितरण में केवल व्यक्तिगत प्रभाव के बजाय संबंधित क्षेत्र में उम्मीदवार की सक्रियता, जनसंपर्क, संगठन के प्रति निष्ठा और चुनाव जीतने की क्षमता को महत्व दिया जाएगा। पार्टी के सक्रिय एवं लंबे समय से संगठन के लिए कार्य कर रहे कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही यह बात भी सामने रखी गई कि संबंधित वार्ड, पंचायत अथवा बूथ क्षेत्र का स्थानीय निवासी ही टिकट का दावेदार होना चाहिए। इससे स्थानीय स्तर पर मजबूत पकड़ रखने वाले कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में उतारने की रणनीति को बल मिलेगा।

पूर्व मंत्री डॉ. ओमप्रकाश हुड़ला ने दिया एकजुटता का संदेश

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री डॉ. ओमप्रकाश हुड़ला ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आगामी चुनावों को एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेदों को भुलाकर संगठन हित में काम करने पर जोर दिया। हुड़ला ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा त्याग, तपस्या और जनसेवा पर आधारित है। संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि यदि कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पूरी मजबूती के साथ काम करें और जनता के बीच लगातार संपर्क बनाए रखें तो पार्टी को चुनाव में बेहतर परिणाम मिल सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से गांवों और वार्डों में जाकर आमजन की समस्याएं सुनने और उनके समाधान के लिए आवाज उठाने की अपील की। साथ ही संगठन में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए सामूहिक रूप से चुनावी तैयारी में जुटने का संदेश दिया।

सभी पंचायत समितियों और नगरीय निकायों में जीत का लक्ष्य

विधानसभा प्रभारी सिद्धार्थ व्यास ने बैठक में कहा कि कांग्रेस मेहनती और समर्पित कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि पार्टी महवा विधानसभा क्षेत्र की सभी पंचायत समितियों एवं नगरीय निकायों में जीत दर्ज करने के लक्ष्य के साथ चुनाव मैदान में उतरेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य केवल चुनाव लड़ना नहीं, बल्कि मजबूत संगठनात्मक रणनीति के साथ अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल करना है। इसके लिए बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करने और संगठन को सक्रिय करने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। व्यास ने कार्यकर्ताओं से कहा कि चुनाव को देखते हुए अभी से मैदान में उतरकर जनता से सीधा संवाद स्थापित करें। उन्होंने संगठन की गतिविधियों को गांव और वार्ड स्तर तक ले जाने तथा नए कार्यकर्ताओं को भी संगठन से जोड़ने पर जोर दिया।

51 नए कार्यकर्ताओं के शामिल होने से बढ़ा उत्साह

बैठक का सबसे प्रमुख आकर्षण भाजपा एवं बसपा से आए 51 कार्यकर्ताओं का कांग्रेस में शामिल होना रहा। कांग्रेस पदाधिकारियों ने सभी नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं का स्वागत करते हुए उन्हें संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विभिन्न दलों से कार्यकर्ताओं का कांग्रेस से जुड़ना संगठन के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में भी बड़ी संख्या में लोग कांग्रेस संगठन से जुड़ेंगे। नवप्रवेशी कार्यकर्ताओं ने भी संगठन को मजबूत करने और आगामी पंचायत राज एवं नगरीय निकाय चुनावों में पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में पूरी मेहनत से कार्य करने की बात कही।

बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने पर विशेष जोर

बैठक में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। नेताओं ने कहा कि किसी भी चुनाव में बूथ स्तर का संगठन सबसे महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में प्रत्येक बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ताओं की टीम तैयार करने, मतदाताओं से संपर्क बढ़ाने और स्थानीय स्तर की समस्याओं को संगठन के माध्यम से उठाने की रणनीति पर काम किया जाएगा। कार्यकर्ताओं को क्षेत्रवार जिम्मेदारियां देने तथा चुनाव से पहले संगठन की गतिविधियों को गति देने पर भी विचार किया गया। कांग्रेस नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आपसी समन्वय के साथ काम करने और संगठन की एकजुटता बनाए रखने की अपील की।

महवा में बढ़ी राजनीतिक हलचल

पंचायत राज एवं नगरीय निकाय चुनावों को लेकर आयोजित इस बैठक से महवा विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक हलचल तेज होने के संकेत मिले हैं। एक ओर जहां कांग्रेस संगठन को चुनाव से पहले मजबूत करने की कवायद में जुटी है, वहीं 51 कार्यकर्ताओं के पार्टी में शामिल होने से कांग्रेस ने अपने संगठनात्मक विस्तार का संदेश देने की कोशिश की है। बैठक में टिकट वितरण को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता देने की बात सामने आने से संभावित दावेदारों में भी सक्रियता बढ़ने की संभावना है। अब आने वाले दिनों में कांग्रेस की 21 सदस्यीय समिति की भूमिका और संभावित प्रत्याशियों के चयन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां और तेज होने की उम्मीद है।

बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूद

बैठक में विधानसभा प्रभारी सिद्धार्थ व्यास, जिला उपाध्यक्ष भंवर सिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश पाटोली, शिवहरी अमरपुर, बृजेश मीणा सरपंच औण्ड, मुंशीलाल बारोलिया, भूपेंद्र गुर्जर, मोहन सिंह जाटव सरपंच, रमेश भोपर, बच्चू सिंह सरपंच, गोविंद फौजी मंडल अध्यक्ष, लक्ष्मण सिंह नाहिडा, श्रीकृष्ण सैनी, कैप्टन भरत पावटा, नेता भीखाहेड़ी, मोहसिन कुरैशी, कल्लू ठेकड़ा, कृपाशंकर मीणा, सुरेश जाटव, प्रेमसिंह गुर्जर, रमन गुर्जर भोपर सहित महवा विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के समापन पर कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने आगामी पंचायत राज एवं नगरीय निकाय चुनावों में संगठन की मजबूती के साथ मैदान में उतरने और पार्टी को अधिक से अधिक सीटों पर जीत दिलाने का संकल्प लिया। बैठक में 51 नए कार्यकर्ताओं के कांग्रेस में शामिल होने को महवा क्षेत्र में पार्टी के बढ़ते संगठनात्मक विस्तार के रूप में देखा गया।

माली समाज में बदली परंपरा की मिसाल, बेटी के सिर बंधी पिता की पगड़ी

बेटा नहीं था तो बड़ी बेटी सगुन ने संभाली पिता की जिम्मेदारी; मुखाग्नि से लेकर पगड़ी रस्म तक बेटी ने निभाए संस्कार

भीलवाड़ा(जम) बदलते दौर में जब बेटियों को बेटों के बराबर अधिकार और जिम्मेदारियां देने की बात होती है, तब भीलवाड़ा के माली समाज के एक परिवार ने इसे रस्मों और संस्कारों के जरिए जमीन पर उतारकर अनूठी मिसाल पेश की है। सड़क हादसे में असमय दुनिया छोड़ गए भरत कुमार माली के निधन के बाद उनके परिवार ने बेटे के अभाव में बड़ी बेटी सगुन को पगड़ी बंधवाकर पिता की सामाजिक जिम्मेदारियों का उत्तराधिकारी बनाया। भरत कुमार माली (38) निवासी चांदली माताजी, हाल पटेल नगर विस्तार योजना, भीलवाड़ा का 29 जुलाई 2026 को सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। परिवार में उनके माता-पिता, पत्नी और दो बेटियां हैं। कोई पुत्र नहीं होने के बावजूद परिवार ने परंपरा को बेटी के आड़े नहीं आने दिया। बेटी ने दी मुखाग्नि, अब सिर पर सजी जिम्मेदारी की पगड़ी परिवार के अनुसार भरत की बड़ी बेटी सगुन ने पिता को मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी निभाई। इसके बाद सामाजिक रीति के तहत पगड़ी रस्म में भी बेटे का इंतजार करने के बजाय परिवार ने बेटी को ही यह सम्मान देने का निर्णय लिया। मृतक के पिता महावीर माली ने बताया कि माली सैनी महासभा राजस्थान प्रदेश के कोटा जिलाध्यक्ष मेवालाल बलाडिया, प्रदेश उपाध्यक्ष शंकरलाल सैनी (बूंदी), पूर्व पार्षद रघुनाथ माली और छोटूलाल माली की पहल पर समाज के प्रबुद्धजनों तथा परिवार की सहमति से सगुन को पगड़ी बंधवाई गई।

कई जिलों से पहुंचे समाजबंधु

पगड़ी रस्म में माली सैनी महासभा राजस्थान प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष धन्नालाल सैनी सहित कोटा, बूंदी, टोंक, अजमेर, जयपुर और भीलवाड़ा समेत विभिन्न जिलों से समाजबंधु मौजूद रहे। बेटी के सिर पर पगड़ी बंधने का दृश्य मौजूद लोगों के लिए भावुक भी था और सामाजिक बदलाव का संदेश देने वाला भी।

हरिद्वार नहीं, बीसलपुर में किया अस्थि विसर्जन

परिवार ने सिर्फ पगड़ी रस्म में ही बदलाव नहीं किया, बल्कि मृत्यु से जुड़ी अन्य परंपराओं को भी परिस्थितियों और वर्तमान जरूरतों के अनुरूप सरल बनाया। अस्थि विसर्जन हरिद्वार के बजाय गोकर्णेश्वर महादेव, बीसलपुर में किया गया। बारहवें दिन पारंपरिक घड़ी दस्तूर के स्थान पर पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया। परिवार ने मृत्यु भोज भी नहीं किया। बाहर से आने वाले समाजबंधुओं के लिए केवल सादा भोजन की व्यवस्था की गई।

रस्मों में बदलाव, समाज को बड़ा संदेश

भरत माली के परिवार ने बेटे-बेटी के भेद से ऊपर उठकर बेटी को अंतिम संस्कार से लेकर सामाजिक जिम्मेदारी तक समान अधिकार देकर यह संदेश दिया कि संस्कार किसी एक लिंग की जागीर नहीं हैं। बेटी के हाथों मुखाग्नि, सिर पर पगड़ी और मृत्यु भोज जैसी परंपराओं में बदलाव के जरिए परिवार ने न केवल अनावश्यक सामाजिक खर्च से दूरी बनाई, बल्कि बदलते समय के साथ रीति-रिवाजों में सकारात्मक बदलाव की जरूरत को भी सामने रखा। यह पहल महज एक परिवार का फैसला नहीं, बल्कि उस सोच को चुनौती है जिसमें पिता की जिम्मेदारी और संस्कार निभाने का अधिकार सिर्फ बेटे तक सीमित मान लिया जाता है।

आदर्श-नगर श्मशान घाट किसकी जमीन पर, वन विभाग कराएगा सर्वे

हाईकोर्ट से मांगा समय; अतिक्रमण को लेकर वन विभाग-निगम डाल रहे एक-दूसरे पर जिम्मेदारी

जयपुर जयपुर में आदर्श नगर श्मशान घाट किसकी जमीन पर बना है और उस पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने की जिम्मेदारी किसकी है। इसे लेकर वन विभाग ने हाईकोर्ट में सर्वे कराने की बात कही है। सुनवाई के दौरान विभाग की ओर से सर्वे कराने के लिए अदालत से समय मांगा गया। इस पर जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस संदीप तनेजा की खंडपीठ ने चार सप्ताह का समय देते हुए निर्देश दिए कि सर्वे के दौरान अगर भूमि पर अतिक्रमण मिलता है तो सभी विभाग मिलकर उसे हटाने की कार्रवाई करें और वन विभाग का इसमें सहयोग करें। वहीं अगली सुनवाई तक पालना रिपोर्ट पेश करें। बेंच ने यह आदेश हुकुम सिंह की अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश दिए।

वन विभाग-निगम एक दूसरे पर डालते रहे जिम्मेदारी

अधिवक्ता अखिल सिमलोट ने कोर्ट को बताया- हाईकोर्ट ने 15 नवंबर 2021 को आदर्श नगर स्थित अमरनाथ की बगीची पर से अवैध अतिक्रमण हाटने के निर्देश दिए थे। तत्कालीन निगम कमिश्नर ने 24 अगस्त 2023 को कोर्ट में कहा था कि यह भूमि वन विभाग के अधीन आती है।

जिला हज ख़िदमत कमेटी चित्तौड़गढ़ का सम्मान

हाजियों की बेहतरीन ख़िदमात और नि:शुल्क सेवाओं के लिए अमन मददगार कमेटी चोखला-कपासन ने दिया प्रशंसा-पत्र व सम्मान

स्मार्ट हलचल

कपासन, अमन मददगार कमेटी चोखला-कपासन की ओर से रविवार को आयोजित प्रथम प्रतिभा सम्मान समारोह 'जशन-ए-जहन रसा 2026' में जिला हज ख़िदमत कमेटी चित्तौड़गढ़ को जिलेभर में हाजियों की बेहतरीन ख़िदमात करने के लिए प्रशंसा-पत्र एवं सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हज ख़िदमत कमेटी से जुड़े पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सेवाओं की सराहना की गई। समारोह के मुख्य अतिथि हज़रत दीवाना शाह बाबा दरगाह कमेटी कपासन के सदर एजाज़ अहमद तथा विशिष्ट अतिथि आरएनटी ग्रुप एंड कॉलेज के चेयरमैन वसीम खान एवं डॉ. एजाज़ खान, उदयपुर रहे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सेवाएं देने वाली प्रतिभाओं एवं संस्थाओं का सम्मान किया गया।

जिलेभर में हाजियों को मिल रही नि:शुल्क सेवाएं

जिला हज ख़िदमत कमेटी चित्तौड़गढ़ के जिलाध्यक्ष उबैद खान ठेकेदार ने बताया कि हाजियों की सुविधा एवं मार्गदर्शन के लिए पूरे चित्तौड़गढ़ जिले में हज ख़िदमत कमेटियों का गठन किया गया है। इनमें चित्तौड़गढ़, रावतभाटा, कपासन, बेगूं, बस्सी एवं सावा की कमेटियां शामिल हैं। इन कमेटियों द्वारा हाजियों को विभिन्न सेवाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि हज के आवेदन-पत्र भरने, मेडिकल करवाने, हज की किश्त जमा करवाने में सहयोग, हज से जुड़ी नवीनतम जानकारी एवं आवश्यक सलाह देने के साथ ही हज हाउस जयपुर तक हाजियों को पहुंचाने तथा रिपोर्टिंग की प्रक्रिया में सहयोग सहित अनेक सेवाएं कमेटी के कार्यकर्ताओं द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में उपलब्ध कराई जा रही हैं। इससे जिलेभर के हाजियों को काफी सहूलियत मिल रही है।

पूरी टीम की मेहनत का परिणाम है सम्मान

जिलाध्यक्ष उबैद खान ठेकेदार ने कहा कि कपासन की अमन मददगार कमेटी द्वारा दिया गया यह सम्मान किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि पूरे चित्तौड़गढ़ जिले में हज ख़िदमत के लिए समर्पित पूरी टीम की मेहनत और ख़िदमात का सम्मान है। उन्होंने कमेटी के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी हाजियों की सेवा, मार्गदर्शन और सहयोग का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि हज ख़िदमत कमेटी चित्तौड़गढ़ के सदर सिब्तेन हैदर, जिला हज ट्रेनर हाजी गुलाम हुसैन, रावतभाटा हज ख़िदमत कमेटी के सदर शकील अहमद, बेगूं हज ख़िदमत कमेटी के सदर इरफान नीलगर, बस्सी हज ख़िदमत कमेटी के सदर मंज़ूर कुरैशी, कपासन हज ख़िदमत कमेटी के सफर हाजी याकूब खान पठान एवं हाजी अख्तर अली बुखारी तथा सावा हज ख़िदमत कमेटी के सदर सलाहुद्दीन शेख सहित पूरी टीम द्वारा हाजियों की ख़िदमत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है।

निंबाहेड़ा कमेटी के पदाधिकारियों ने की शिरकत

सम्मान समारोह में हज ख़िदमत कमेटी निंबाहेड़ा के सदर मतलूब अजमेरी, सचिव हाजी अख्तर पटेल, सलाहकार मोहम्मद फारूक छिपा, कोषाध्यक्ष अब्दुल कलाम एडवोकेट, इमरान खान एवं अनीस अहमद शेख ने शिरकत की और सम्मान समारोह में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अमन मददगार कमेटी चोखला-कपासन के सदर हाजी मुंशी मोहम्मद ने जिला हज ख़िदमत कमेटी चित्तौड़गढ़ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सम्मान मिलने पर मुबारकबाद पेश करते हुए हाजियों की ख़िदमत के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

सम्मान से बढ़ा हौसला, ख़िदमत का सिलसिला रहेगा जारी

समारोह में वक्ताओं ने कहा कि हज जैसी पवित्र यात्रा पर जाने वाले जायरीनों को सही जानकारी, मार्गदर्शन और आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना समाजसेवा के साथ-साथ इंसानियत की भी बड़ी ख़िदमत है। जिला हज ख़िदमत कमेटी द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयासों से हाजियों को यात्रा की तैयारियों से लेकर हज हाउस तक पहुंचने की प्रक्रिया में मदद मिल रही है। कमेटी के पदाधिकारियों ने सम्मान के लिए अमन मददगार कमेटी चोखला-कपासन का आभार व्यक्त किया।

ब्यावर में कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग का ऐतिहासिक सद्भावना सम्मेलन उमड़ा जनसैलाब, नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली संगठन मजबूती की शपथ

स्मार्ट हलचल

अनिल कुमार ब्यावर। जिला कांग्रेस कमेटी, ब्यावर के अल्पसंख्यक विभाग के तत्वावधान में रविवार को होटल राजमहल में 'सद्भावना सम्मेलन एवं शपथग्रहण समारोह' का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। सम्मेलन में ब्यावर और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन एवं कार्यकर्ता शामिल हुए और सामाजिक सद्भाव, भाईचारे तथा कांग्रेस संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का प्रभावी एवं गरिमापूर्ण संचालन ब्यावर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने किया।

भाजपा सरकार पर साधा निशाना

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एम.डी. चौपदार ने अपने संबोधन में कहा कि देश का युवा राहुल गांधी की प्रेरणा से जागरूक हुआ है। कांग्रेस युवाओं के रोजगार, शिक्षा और भविष्य के मुद्दों पर लगातार आवाज उठाती रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने अपने शासनकाल में जनता को मूल मुद्दों से भटकाने के लिए हिन्दू-मुस्लिम और मंदिर-मस्जिद के नाम पर समाज को बांटने का काम किया। चौपदार ने कहा कि अब जनता जागरूक हो चुकी है और धर्म एवं भावनाओं के नाम पर बहकावे में नहीं आएगी। ब्यावर की पहचान हमेशा भाईचारे और सामाजिक समरसता से रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अल्पसंख्यक विभाग मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध, पारसी सहित सभी अल्पसंख्यक समुदायों को साथ लेकर चलने वाला संगठन है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी नगर निकाय एवं पंचायतीराज चुनावों में पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को एकजुट होकर विजयी बनाने का आह्वान किया।

एकजुटता और संगठन मजबूती पर जोर

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशोर चौधरी ने कहा कि अल्पसंख्यक विभाग की सक्रियता से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं से धर्म और जाति से ऊपर उठकर कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करने का आह्वान किया। आसिंद के पूर्व विधायक हंगामीलाल मेवाड़ा ने मतों के बिखराव को रोकने और संगठन के पक्ष में एकजुट रहने की बात कही। पूर्व विधायक राकेश पारीक ने भी कार्यकर्ताओं से पार्टी को मजबूत करने और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने की अपील की।

वरिष्ठ नेताओं और वक्ताओं का मिला मार्गदर्शन

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में खनन प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष आशीषपाल पदावत, कांग्रेस प्रत्याशी पारस पंच, संभाग प्रभारी मुश्ताक खान, राजस्थान चीता मेहरात काठात महासभा अध्यक्ष कर्नल मोहम्मद सलीम, शेख सैयद मुगल पठान महासभा अध्यक्ष बशीर मोहम्मद, आरिफ हुसैन अजमेर, जिला प्रभारी सुशीला जैन एवं सहप्रभारी आरिफ़ खान उपस्थित रहे और सम्मेलन को संबोधित किया। आयोजक अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष अजमत काठात एवं ब्यावर ब्लॉक अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा सहित कांग्रेसजनों ने अतिथियों का माला, साफा एवं स्मृतिचिह्न भेंट कर स्वागत किया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों ने ली शपथ

कार्यक्रम के अंतिम चरण में अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष अजमत काठात एवं उनकी नवनियुक्त कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई तथा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा, सामाजिक सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

इन प्रमुख कांग्रेसजनों की रही गरिमामयी उपस्थिति

इस ऐतिहासिक सम्मेलन में पीसीसी सचिव कल्पना भटनागर, मोहम्मद हारून छीपा, प्रधान लाल मोहम्मद, जान मोहम्मद बलाड, भरत खरवा, सत्तार नासून, सुभान सरपंच, श्रवण हुसैन, सरदार टा काठात, इक़बाल मंसूरी, मस्तान डिंडिया, विजयनगर अध्यक्ष अंकित तातेड़, अयूब गौरी, ओबीसी जिलाध्यक्ष कैलाश गहलोत, दलपतराज मेवाड़ा, अभिषेक रूणीवाल, अनिल प्रजापत, वृतंजय आर्य, रज्जाक मोहम्मद, शब्बीर अल्ताफ, फिरोज़ काठात, मुकेश काठात, आवेश नागौरी, प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के शाकिर कुरैशी, अब्दुल मजीद कुरैशी, मोहम्मद अफजल, ब्यावर ब्लॉक के रियाज नागौरी, जवाजा अध्यक्ष आलम काठात, भिनाय अध्यक्ष इरफान अहमद, मसूदा अध्यक्ष सत्तार नासून, बिजयनगर अध्यक्ष उस्मान खान, जैतारण अध्यक्ष मर्दान बेग, बर अध्यक्ष साबिर काठात तथा मसूदा नगर अध्यक्ष ताज मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भीषण गर्मी में भी उमड़ा आस्था का सैलाब, ब्यावर के श्याम मंदिरों में एकादशी पर गूंजे 'जय श्री श्याम' के जयकारे

स्मार्ट हलचल

अनिल कुमार ब्यावर। एकादशी (ग्यारस) के पावन पर्व पर शहर के विभिन्न खाटू श्याम मंदिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्म मुहूर्त में मंगला आरती के साथ ही बाबा श्याम के दर्शनों के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं, जो देर शाम तक अनवरत जारी रहीं। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर 'जय श्री श्याम' और 'हरे का सहारा, बाबा श्याम हमारा' के जयकारों से गुंजायमान रहा। एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम का अलौकिक रूप से मनमोहक फूलों और भव्य पोशाक से विशेष श्रृंगार किया गया। दर्शनों के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में शीश नवाकर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर कमेटियों की ओर से भक्तों को कतारबद्ध दर्शन करवाने के साथ-साथ महाप्रसाद का वितरण भी किया गया। भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसरों और आसपास के मार्गों पर सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए। स्वयंसेवकों और पुलिस प्रशासन ने मुस्तैदी दिखाते हुए व्यवस्थाएं संभालीं, जिससे श्रद्धालुओं को सुलभ और सुरक्षित दर्शन हो सके। कई स्थानों पर श्याम प्रेमी मंडलों द्वारा निशान यात्राएं भी निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालु भजनों की धुन पर नाचते-गाते शामिल हुए।

एफडीए की बड़ी कार्रवाई : खाने में मिले कॉकरोच, 2.83 करोड़ का माल जब्त

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने मुंबई और नवी मुंबई सहित राज्यभर में 4 से 6 अगस्त तक चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत असुरक्षित और अस्वच्छ खाद्य प्रतिष्ठानों पर बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान पांच फूड आउटलेट्स में खाने में कॉकरोच, मक्खियां और गंभीर गंदगी पाई गई। अभियान के तहत राज्य में कुल 19 एफआईआर दर्ज की गईं और 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया। एडीए ने 20.29 लाख रुपए का प्रतिबंधित गुटखा व पान मसाला और 2.63 करोड़ रुपए के अन्य खाद्य उत्पाद जब्त किए, जिससे कुल 2.83 करोड़ रुपए का सामान जब्त किया गया। राज्यभर में 31 ठिकानों पर छापेमारी करते हुए 38 सुधार नोटिस जारी किए गए और सात फूड बिजनेस लाइसेंस निलंबित किए गए। जांच के दौरान, पंजाब ग्रिल और कुर्ला के साउथ इंडिया डोसा कॉर्नर जैसे प्रतिष्ठानों में असुरक्षित भंडारण, अधूरे रिकॉर्ड और खराब सफाई-व्यवस्था जैसी गंभीर अनियमितताएं मिलीं। दादर के ईट नीनो प्राइवेट लिमिटेड में भी गंदगी और कर्मचारियों में स्वच्छता की कमी पाई गई। अधिकारियों को टूटे रैक, जंग लगे उपकरण, शौचालय के पास खाना रखा होना और पेस्ट-कंट्रोल सर्टिफ़िकेट की अनुपस्थिति जैसे गंभीर उल्लंघन भी सामने आए। इन कार्रवाइयों से खाद्य सुरक्षा मानकों को लागू करने की एफडीए की प्रतिबद्धता उजागर हुई है।

अंधविश्वास की आड़ में हैवानियत, तांत्रिक ने नाबालिग से किया दुष्कर्म

हरदोई (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में अंधविश्वास और झाड़-फूंक के नाम पर एक जघन्य अपराध सामने आया है। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में सवायजपुर थाना क्षेत्र में एक तांत्रिक ने भूत-बाधा दूर करने के बहाने आई नाबालिग लड़की से दुष्कर्म किया। घटना के बाद पीड़िता के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी तांत्रिक रामतीर्थ यादव को हिरासत में ले लिया है और मामले की गहनता से जांच कर रही है। दरअसल, कासगंज का रहने वाला पीड़ित परिवार गाजियाबाद में रहता है, जहां उनकी नाबालिग बेटी को बार-बार चक्कर आते थे। परिजनों ने इसे भूत-बाधा मान लिया और गाजियाबाद के एक परिचित की सलाह पर बेटी का इलाज कराने हरदोई पहुंचे। आरोपी तांत्रिक रामतीर्थ यादव, जैतपुर का निवासी, सवायजपुर के घोड़ीधर गांव स्थित एक ईंट-भट्ठे पर चौकीदारी करता था और वहीं झाड़-फूंक का काम भी करता था। बीती 6 अगस्त की शाम पिता अपनी बेटी को लेकर तांत्रिक के पास पहुँचे। आरोप है कि रात करीब 10 बजे तांत्रिक ने विशेष पूजा-पाठ का झांसा देकर पिता को कमरे से बाहर भेज दिया। अकेला पाकर उसने नाबालिग को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर पीड़िता के चिल्लाने पर पिता भीतर पहुंचे। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है और आरोपी रामतीर्थ यादव से पूछताछ जारी है।

नासिक में 4.3 तीव्रता के झटके, मकानों की दीवारों में दरारें

नासिक(एजेंसी)। महाराष्ट्र के नासिक जिले में शनिवार रात 4.3 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया, जिससे कई इलाकों में मकानों की दीवारों में दरारें पड़ गईं। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, यह झटका रात 10 बजे आया, जिसके बाद रविवार सुबह 5 बजकर 33 मिनट पर 3.3 तीव्रता का एक और झटका महसूस हुआ। भूकंप का केंद्र महाराष्ट्र-गुजरात सीमा के पास भनवड इलाके में पांच किलोमीटर की गहराई पर था। इन झटकों के कारण नासिक शहर सहित सुरगाणा और दिंडोरी तहसीलों के कुछ गांवों में मकानों की दीवारों में दरारें पड़ गईं, जिससे लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि, अधिकारियों ने किसी भी प्रकार की जनहानि की पुष्टि नहीं की है। नासिक जिला प्रशासन ने बताया कि क्षेत्र के बांधों का भी निरीक्षण किया गया है, जिसमें कोई नुकसान नहीं सामने आया है। जिलाधिकारी ने लोगों से न घबराने और अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील कर सतर्क रहने को कहा है। नासिक में इससे पहले 25 से 28 जुलाई और 6 अगस्त को भी भूकंप के हल्के झटके महसूस हुए थे।

सिरसा में हेपेटाइटिस ए का प्रकोप : दूषित पानी पीने से 100 से अधिक बीमार, दो की हालत गंभीर

सिरसा (एजेंसी)। हरियाणा के सिरसा जिले के देसूजोधा गांव में हेपेटाइटिस ए का गंभीर प्रकोप सामने आया है। जहां कथित तौर पर दूषित पेयजल की आपूर्ति के कारण 100 से अधिक लोग बीमारी की चपेट में आ गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, दो युवा लड़कियों, 21 वर्षीय प्रभजोत और 18 वर्षीय प्रीत कौर की हालत गंभीर बनी हुई है, जिन्हें क्रमश: एम्स बठिंडा और दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल लुधियाना में भर्ती किया गया है। जसमीत कौर, हरप्रीत कौर, गोपी और मनप्रीत कौर सहित कई अन्य लोग सिरसा, बठिंडा और लुधियाना के विभिन्न अस्पतालों में उपचाराधीन हैं। गांव के सरपंच चरनजीत सिंह और अन्य ग्रामीणों का आरोप है कि हाल ही में बिछाई गई पाइपलाइन में रिसाव के कारण घरों तक दूषित पानी पहुंचा, इससे यह स्थिति उत्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से बीमार पड़ने वाले लोगों की संख्या धीरे-धीरे बढ़ रही थी, बाद में चिकित्सकीय जांच में हेपेटाइटिस ए की पुष्टि हुई। स्वच्छ पेयजल की तत्काल व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन भी किया। स्वास्थ्य विभाग ने सक्रियता दिखाकर पिछले पांच दिनों में गांव के 540 लोगों के नमूने लिए हैं। इसमें से 216 लोगों में बीमारी के संदिग्ध लक्षण मिले हैं, जबकि 45 मरीजों को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। भर्ती मरीजों में दो बच्चे (पांच वर्ष तक), 26 युवा (18 वर्ष तक) और 17 वयस्क (60 वर्ष तक) शामिल हैं, जिनमें 30 पुरुष और 15 महिलाएं हैं। स्थिति का जायजा लेने के लिए जिला प्रशासन की एक टीम ने गांव का दौरा किया है। अधिकारियों ने ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल, मजबूत स्वास्थ्य सेवाएं और प्रभावित मरीजों के इलाज का खर्च प्रशासन द्वारा वहन करने का आश्वासन दिया है।

इस्तीफे के बाद धर्मेंद्र प्रधान ने तोड़ी चुप्पी, बोले- जेन जी हमारे बच्चे हैं

- ये भी कहा- 10 साल में 20 करोड़ बच्चे जेन जेड बने

भुवनेश्वर (एजेंसी)। नीट पेपर लीक के मुद्दे पर हुए कॉकरोच पार्टी प्रोटेस्ट के बाद शिक्षा मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले धर्मेंद्र प्रधान ने अपनी चुप्पी तोड़ी है। भुवनेश्वर के जीएम विश्वविद्यालय में छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए उन्होंने अपने इस्तीफे को लेकर पहली सार्वजनिक प्रतिक्रिया दी। प्रधान ने कहा कि जेन जी हमारे बच्चे हैं और कुछ लोगों ने उन्हें गुमराह करने की कोशिश की। संबलपुर से सांसद प्रधान ने कहा कि देश में हर साल करीब दो करोड़ बच्चे जन्म लेते हैं और पिछले 10 वर्षों में करीब 20 करोड़ बच्चे इस पीढ़ी का हिस्सा बने हैं। उन्होंने कहा कि इन युवाओं की अपनी आकांक्षाएं हैं और यही पीढ़ी भारत को विश्व गुरु बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रधान ने स्पष्ट किया कि उनके लिए मंत्री पद महत्वपूर्ण नहीं था।

उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक के मुद्दे पर युवाओं को गुमराह करने की कोशिश हुई थी। 20 जुलाई की घटनाओं और बच्चों व देश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इस्तीफा देने का फैसला किया। प्रधान इस्तीफे के बाद भी कई बार यह आरोप लगा चुके हैं कि छात्रों को गलत जानकारी देकर भ्रमित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर आलोचनाओं के बीच प्रधान को अपने गृह राज्य ओडिशा में भी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। बीजू जनता दल के कार्यकर्ता उनके कई कार्यक्रमों में नारेबाजी और प्रदर्शन कर चुके हैं। रायराखोल में एक कार्यक्रम के दौरान भी प्रधान के खिलाफ नारे लगाए गए। विरोध पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधान ने कहा कि वह इन नारों से परेशान नहीं हैं। उन्होंने खुद को किसान का बेटा बताते हुए कहा, 'भले ही आप मुझे वापस जाने के लिए कहें, मैं वापस नहीं जाऊंगा, मैं लौटकर आऊंगा। प्रधान ने बीजेडी अध्यक्ष नवीन पटनायक पर युवाओं को उनके खिलाफ भड़काने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि पटनायक उन्हें ओडिशा के लोगों के लिए शर्म की बात और बुरा व्यक्ति बताते हैं, लेकिन उन्होंने कभी ऐसा कोई काम नहीं किया जिससे राज्य के लोगों को शर्मिंदगी उठानी पड़े। प्रधान ने कहा कि वह ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे ओडिशा की प्रतिष्ठा धूमिल हो। जिस कार्यक्रम में उन्होंने यह बयान दिया, वहां बीजेडी विधायक और ओडिशा विधानसभा के उपनेता प्रसन्ना आचार्य भी मौजूद थे।

रिजिजू ने महिला आरक्षण और परिसीमन पर शिअद के बदले रुख का किया स्वागत

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयकों को लेकर शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के बदले रुख का स्वागत किया है। रिजिजू ने कहा कि सभी पार्टियों को सीटों के निष्पक्ष और समान सीमांकन के जरिये महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एक साथ आना चाहिए। रिजिजू की यह प्रतिक्रिया शनिवार को शिअद की इस मांग के बाद आई कि संसद महिला आरक्षण और परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयकों को तुरंत पारित करे, ताकि इन्हें बिना किसी देरी के लागू किया जा सके। शिअद ने परिसीमन के मुद्दे पर अपना बदला हुआ रुख ऐसे समय में जाहिर किया, जब दिल्ली में शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की पीएम मोदी से हुई मुलाकात के बाद सियासी हलकों में बीजेपी के साथ उसकी सुलह की अटकलें तेज हो गई हैं। रिजिजू ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि मैं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से पेश की गई मिसाल का अनुसरण करते हुए शिरोमणि अकाली दल द्वारा लिए गए इस अहम फैसले का तहेदिल से स्वागत करता हूं। उन्होंने लिखा- हमें सीटों के निष्पक्ष और समान सीमांकन के जरिये महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए एकजुट होना चाहिए, ताकि उन्हें बराबर का प्रतिनिधित्व मिल सके।

आरक्षण में क्रीमि लेयर की बात करना बाबा साहब के उद्देश्यों के खिलाफ

-मायावती ने संघ प्रमुख भागवत के बयान को संकीर्ण, राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित बताया

लखनऊ (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा चुनाव होना हैं। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, बीजेपी और बहुजन समाज पार्टी भी चुनावी तैयारियों में जुट गई हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने रविवार को एक्स पर पोस्ट कर आरक्षण का समर्थन किया। आरक्षण में क्रीमि लेयर लाए जाने को लेकर उन्होंने कहा है कि यह बाबासाहब अंबेडकर के उद्देश्यों के खिलाफ है, साथ ही उन्होंने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसी सोच संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों के लिए आरक्षण बेहद संवेदनशील मुद्दा है, क्योंकि इन समुदायों ने लंबे समय तक जाति के आधार पर भेदभाव झेला है। उन्होंने कहा कि आज भी इन वर्गों के साथ शोषण और अन्याय पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। मायावती के मुताबिक ऐसे में आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' की बात करना बाबासाहेब आंबेडकर के उद्देश्यों के खिलाफ है। उनका कहना है कि किसी की भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए बल्कि सभी को ईमानदारी और निष्ठा के साथ काम करना चाहिए।

हाल ही में आरक्षण को लेकर आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा था कि आरक्षण पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा था कि आरक्षण सामाजिक कारणों से है। जब तक सामाजिक भेदभाव रहेगा, तब तक आरक्षण जारी रहेगा, जिन लोगों को इसका लाभ मिला है, उन्हें आगे आकर उदारता दिखानी चाहिए। उन्होंने कहा था कि आरक्षण का लाभ लेने वालों को अपनी इच्छा से इसका लाभ छोड़ने पर विचार करना चाहिए। अब मायावती ने संघ प्रमुख के बयान की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि ऐसी जातिवादी सोच संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ को बढ़ावा देती है और संविधान के उद्देश्यों के खिलाफ है।

मायावती ने कहा कि देश में जातिवाद अभी भी मौजूद है और यह जमीनी स्तर पर आज भी फैला हुआ है। उनका कहना है कि आरएसएस इससे अच्छी तरह वाकिफ है। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकारों ने भी इस जमीनी सच्चाई को समझा है। अगर मौजूदा सरकार एससी और एसटी वर्ग को क्रीमी लेयर से बाहर रखने के लिए मजबूत दलील के साथ कोर्ट में अपना पक्ष रखती है, तो यह पूरी तरह उचित और संविधान के अनुरूप होगा। उन्होंने कहा कि कई बार सरकारों की कमजोर कानूनी पैरवी के कारण अदालतों में सामाजिक बदलाव से जुड़े मामलों में सही फैसला नहीं हो पाता। मायावती ने आरएसएस से आरक्षण के मुद्दे पर राजनीति छोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि आरक्षण में किसी भी तरह के बदलाव की वकालत बंद होनी चाहिए और समाज में बराबरी की व्यवस्था स्थापित करने पर जोर दिया जाना चाहिए।

मानसून सत्र के चार दिन शेष, कांग्रेस अपनी मांगों पर अड़ी

-जयराम बोले- पुलिस कार्रवाई पर गृह मंत्री दें बयान और पीएम मोदी राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े आरोपों पर जवाब दें

नई दिल्ली (एजेंसी)। संसद के मानसून सत्र की तय समयावधि के अनुसार इस सत्र के समाप्त होने में अब महज चार कार्यदिवस शेष हैं और विपक्ष ने सरकार पर सदन की कार्यवाही बाधित होने को लेकर एक बार फिर निशाना साधा है। कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से प्रदर्शनकारी छात्रों के खिलाफ हुई पुलिस कार्रवाई पर संसद के दोनों सदनों में आकर जवाब देने की मांग की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि गृह मंत्री के सदन में उपस्थित होकर सांसदों के सवालों का सामना नहीं करने के कारण संसद का कामकाज लगातार प्रभावित हो रहा है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि पिछले करीब 15 दिनों से संसद की कार्यवाही सामान्य रूप से नहीं चल पाई है और इसके लिए उन्होंने गृह मंत्री शाह के पुलिस कार्रवाई पर बयान देने से इनकार को मुख्य कारण बताया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन है, इसलिए प्रदर्शनकारी छात्रों पर हुई कार्रवाई को लेकर गृह मंत्री को सदन में अपना पक्ष रखना चाहिए। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अमित शाह संसद परिसर में अपने कार्यालय में मौजूद रहते हैं और घंटों बैठते हैं, लेकिन लोकसभा और राज्यसभा में आकर सांसदों के सवालों का सामना करने से बच रहे हैं। उन्होंने गृह मंत्री की सदन में लगातार अनुपस्थिति को अभूतपूर्व बताते हुए कहा कि पुलिस कार्रवाई को लेकर सरकार को संसद में जवाब देना चाहिए।

जयराम रमेश ने गृह मंत्री के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी तीखा राजनीतिक हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा मानसून सत्र के दौरान दोनों नेताओं की 'कायरता' सामने आ गई है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि सरकार को विपक्ष और प्रदर्शन कर रहे छात्रों के सवालों का जवाब देने से बचने के बजाय संसद में चर्चा करनी चाहिए। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े 'चढ़ावा चोरी' और 'आस्था के साथ धोखे' के आरोपों पर भी संसद में जवाब देने की मांग की है। जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 5 फरवरी 2020 को लोकसभा में राम मंदिर ट्रस्ट के गठन की घोषणा की थी। ऐसे में ट्रस्ट को लेकर लगाए जा रहे आरोपों पर प्रधानमंत्री को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री द्वारा गठित ट्रस्ट पर देशवासियों की आस्था और भरोसे के साथ विश्वासघात करने के आरोप लग रहे हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि इतने गंभीर आरोपों के बीच प्रधानमंत्री इस मुद्दे पर चुप नहीं रह सकते। मानसून सत्र के अब केवल चार कार्यदिवस बाकी हैं। ऐसे में विपक्ष की मांगों और सरकार के रुख के बीच संसद की शेष कार्यवाही भी हंगामेदार रहने के आसार हैं।

खाद को लेकर किसानों ने लगाए कृषि मंत्री मुर्दाबाद के नारे, मुस्कुराते रहे मंत्री राणा

-बोले-आराम से नहीं, नारे जरा जोर से लगाओ, फिर दिया किसानों को आश्वासन

यमुनानगर (एजेंसी)। यमुनानगर के साढ़ौरा में रविवार को उस वक्त माहौल गरमाया गया जब कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के सामने ही किसानों ने जमकर नारेबाजी की। मामला खाद वितरण से जुड़ा है। खाद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने कृषि मंत्री के सामने ही कृषि मंत्री मुर्दाबाद के नारे लगाए। हैरानी की बात ये रही कि किसानों की नारेबाजी पर कृषि मंत्री हंसते हुए नजर आए। मंत्री ने किसानों से कहा कि नारे थोड़े आराम से लगाए हैं, जरा जोर से लगाओ।

हालांकि, इसके बाद कृषि मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए मौके से ही एक उच्च अधिकारी को फोन किया और किसानों की समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। दरअसल, कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा साढ़ौरा में वन महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान खाद की समस्या को लेकर परेशान किसानों ने कृषि मंत्री का घेराव करते हुए अपनी नाराजगी जाहिर की और मुर्दाबाद के नारे लगाए।

किसानों का आरोप था कि साढ़ौरा में खाद का वितरण नहीं हो रहा, जिसके चलते उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंत्री के सामने नारेबाजी का ये वीडियो अब चर्चा का

विषय बना हुआ है। मंत्री श्याम सिंह राणा किसानों की नारेबाजी के दौरान हंसते हुए नजर आए। फिलहाल कृषि मंत्री के आश्वासन के बाद किसानों को समस्या के समाधान की उम्मीद है, लेकिन खाद को लेकर किसानों का गुस्सा साफ तौर पर सामने आ गया है।

तिरंगा यात्रा 140 करोड़ देशवासियों को एक नई दिशा देने वाली है: नड्डा

तिरंगे के सम्मान को हमे हर हाल में बनाये रखना है

जयपुर (एजेंसी)। स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में देशभर में चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के तहत रविवार को राजधानी जयपुर में अल्बर्ट हॉल से एक भव्य तिरंगा रैली का शुभारंभ को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान यात्रा रामनिवास बाग चौराहा, सांगानेरी गेट होते हुए बड़ी चौपड़ पर समाप्त हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल हुए। समापन पर बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर डांस किया।

तिरंगा यात्रा को सम्बोधित करते हुए जेपी नड्डा ने नड्डा ने कहा कि मैं यहां कोई राजनीतिक बात करने नहीं आया हूं, लेकिन एक बेहद जरूरी विषय पर देश का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। हाल ही में राज्यसभा में प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर (संशोधन) एक्ट, 2026 (राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण संशोधन अधिनियम) पारित किया गया है। इससे पहले 55 साल पहले द प्रिवेंशन ऑफ इंसल्ट्स टू नेशनल ऑनर एक्ट लाया गया था, जिसमें हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों जैसे संविधान, राष्ट्रगान और राष्ट्रीय ध्वज के अपमान को दंडनीय अपराध घोषित किया गया था। उस समय कानून में राष्ट्रगान, संविधान और राष्ट्रीय ध्वज को तो जोड़ा गया, लेकिन हमारे वंदे मातरम (राष्ट्रगीत) को छोड़ दिया गया। मैं आज पूछना चाहता हूं कि क्या इसे उस समय की भूल माना जाए, या फिर तुष्टीकरण और वोट बैंक की राजनीति कहा जाए? कारण जो भी रहा हो, लेकिन आज हम गर्व से कह सकते हैं कि साल 2026 में पारित हुए इस नए संशोधन कानून के बाद अब देश में राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत, संविधान और राष्ट्रीय ध्वज... इनमें से किसी का भी अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई होगी। यह तिरंगा यात्रा केवल एक यात्रा नहीं है, बल्कि यह हमारी गहरी भावनाओं से जुड़ी हुई है। यह यात्रा देश के 140 करोड़ देशवासियों को एक नई दिशा और दृष्टि देने वाली है। उन्होंने गुलामी की मानसिकता पर प्रहार करते हुए कहा कि हम अभी तक गुलामी की निशानियों के साथ आगे बढ़ रहे थे, लेकिन अब हमने इन्हें बदलने का काम किया है। बड़ी मुश्किल से हम देश को आगे लेकर आए हैं, अब इसके सम्मान को हमें हर हाल में बनाए रखना है।

तिरंगा घरों की छतों पर नहीं, हमारे दिलों में भी धड़कना चाहिए-सीएम सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अमृत महोत्सव के तहत शुरू हुई यह तिरंगा यात्रा आज देश के जन-जन की यात्रा बन चुकी है। हम सभी जल्द ही देश का 80वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहे हैं। जब भी हमारे हाथ में तिरंगा होता है, तो हमारा स्वाभिमान और अधिक बढ़ जाता है। यह हमारे देश का गौरव बढ़ाने का काम करता है। तिरंगा हमारी अनेकता में एकता और विविधता का सबसे बड़ा प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने तिरंगे का राजस्थान से ऐतिहासिक संबंध बताते हुए कहा इस तिरंगे का राजस्थान की वीर धरा से बहुत गहरा नाता है। 15 अगस्त 1947 को देश की आजादी पर जो तिरंगा पहली बार फहराया गया था, वह राजस्थान के दौसा (जो पहले जयपुर का ही हिस्सा था) से बनकर गया था। जब हम पांचवीं, सातवीं या आठवीं कक्षा में पढ़ते थे, तब गलियों में तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकालते थे और हमारे कंठ से एक ही आवाज निकलती थी- विजयी विश्व तिरंगा प्यारा, झंडा ऊंचा रहे हमारा आज फिर से निकाली जा रही यह तिरंगा रैली हमारे युवाओं में राष्ट्रभक्ति के उसी भाव को मजबूत कर रही है। तिरंगा केवल हमारे घरों की छतों पर ही नहीं, बल्कि हमारे दिलों में भी धड़कना चाहिए। हमारे मन में राष्ट्र प्रेम, राष्ट्र सेवा और विकसित भारत के निर्माण के प्रति कर्तव्य की भावना होनी चाहिए, क्योंकि तिरंगा हमें हमारे गौरवशाली इतिहास और राष्ट्र चेतना की याद दिलाता है।

यूपी में हर विभाग में घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार, 2027 में बीजेपी का अंत करेगी जनता

-सपा प्रमुख ने बीजेपी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा- प्रदेश में चल रही बजट की लूट

लखनऊ (एजेंसी)। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने बीजेपी सरकार पर आरोप लगाया कि प्रदेश में बजट की लूट चल रही है और हर विभाग में घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार मचा है। उन्होंने बीते शनिवार को एक बयान जारी कर कहा था कि झूठ, लूट और बेईमानी बीजेपी सरकार की पहचान बन चुके हैं। बीजेपी सरकार में एक्सप्रेस-वे समेत अन्य निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं और हाल में बने लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस-वे की स्थिति इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी सरकार और उसके भ्रष्टाचार की पोल खुल रही है और प्रदेश की जनता 2027 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को सत्ता से बाहर कर भ्रष्टाचारी शासन का अंत करेगी।

जानकारी के मुताबिक अखिलेश ने कहा कि बीजेपी सरकार में निर्मित अन्य सड़कों का भी यही हाल है। सड़कों के निर्माण में मानकों की अनदेखी और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सबसे महंगा एक्सप्रेस-वे दर्जनों स्थानों पर धंस गया है। सपा अध्यक्ष ने जल जीवन मिशन को लेकर भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह योजना बीजेपी सरकार में लूट का मिशन बन गई है। यादव ने कहा कि प्रदेश में जल जीवन मिशन के तहत बनाई गई कई पानी की टंकियां या तो टूटकर गिर गईं अथवा पानी भरते ही क्षतिग्रस्त हो गईं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि पानी की टंकियां बीजेपी सरकार के भ्रष्टाचार का भार तक नहीं सह पा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार ने प्रदेश की जनता को विकास के नाम पर केवल धोखा दिया है और हर वर्ग सरकार से निराश है। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर डीएपी और यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है और किसान खाद के लिए भटक रहे हैं। अखिलेश यादव ने प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अस्पतालों में गरीबों को समुचित इलाज नहीं मिल रहा है। मेडिकल कॉलेजों के नाम पर जिलों में केवल इमारतें खड़ी हैं, जबकि वहां पर्याप्त संख्या में चिकित्सक, प्रोफेसर और तकनीकी कर्मचारी उपलब्ध नहीं हैं। इसके कारण मरीज निजी अस्पतालों में इलाज कराने के लिए मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार पूरी तरह विफल हो गई है और जनता उसकी वास्तविकता जान चुकी है।

जिनपिंग के दौरे से पहले भारत ने चीन को दिए 3 टास्क, एलएसी पर तनाव कम करने की तैयारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के सितंबर में प्रस्तावित भारत दौरे से पहले नई दिल्ली और बीजिंग के बीच कूटनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भारत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जिनपिंग के शामिल होने की संभावना के बीच दोनों देशों ने सीमा पर तनाव को नियंत्रित रखने पर जोर दिया है। यह दौरा हुआ तो करीब सात साल बाद जिनपिंग की भारत यात्रा होगी। इसी क्रम में भारत और चीन के बीच 6 अगस्त को नई दिल्ली में सीमा मामलों पर वर्किंग मैकेनिज्म फॉर कंसल्टेशन एंड कोऑर्डिनेशन यानी डब्ल्यूएमसीसी की 36वीं बैठक हुई। बातचीत में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की स्थिति, सीमा प्रबंधन, सीमांकन और सीमा पार सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। दोनों पक्षों ने माना कि सीमा पर शांति और स्थिरता द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए बेहद जरूरी है। भारत ने बातचीत में यह स्पष्ट किया कि सीमा पर शांति बनाए रखना दोनों देशों के व्यापक रिश्तों के लिए अहम है। साथ ही गलतफहमी और गलत आकलन से बचने के लिए मौजूदा राजनयिक और सैन्य संवाद तंत्र को लगातार सक्रिय रखने पर सहमति बनी। इसमें सैन्य स्तर पर स्थानीय कमांडर बैठकें और अन्य स्थापित संवाद माध्यम शामिल हैं।

सीमा विवाद के साथ सीमा पार नदियों का मुद्दा भी भारत के लिए महत्वपूर्ण है। इससे पहले मई में हुई डब्ल्यूएमसीसी बैठक में भारत ने सीमा पार नदियों से जुड़े विशेषज्ञ स्तर के तंत्र की अगली बैठक जल्द आयोजित करने पर जोर दिया था। दोनों देशों ने राजनयिक और सैन्य स्तर पर नियमित संपर्क जारी रखने की प्रतिबद्धता भी दोहराई थी। भारत-चीन संबंध 2020 के गलवान संघर्ष के बाद लंबे समय तक तनावपूर्ण रहे। इसके बाद दोनों पक्षों ने कई चरणों की सैन्य और राजनयिक वार्ता के जरिए सीमा पर तनाव कम करने की कोशिश की। हाल के वर्षों में कुछ क्षेत्रों में सैनिकों की वापसी और संवाद की बहाली से संबंधों को धीरे-धीरे सामान्य करने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है। अब जिनपिंग की संभावित भारत यात्रा को इसी प्रक्रिया की अगली बड़ी परीक्षा के तौर पर देखा जा रहा है। भारत की प्राथमिकता साफ है कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनी रहे और किसी भी गलतफहमी को सैन्य टकराव में बदलने से पहले संवाद के जरिए सुलझाया जाए। चीन इस दिशा में कितना सहयोग करता है, इसका असर दोनों देशों के रिश्तों को सामान्य करने की गति पर पड़ेगा।

संक्षिप्त समाचार

महिला एशिया कप 28 अगस्त से यूएई में

- फाइनल 13 सितंबर को
- 5 सितंबर को भारत और पाकिस्तान होंगे आमने-सामने

नईदिल्ली (एजेंसी)। महिला एशिया कप 2026 का पूरा शेड्यूल जारी कर दिया गया है. टी20 फॉर्मेट में खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट की शुरुआत 28 अगस्त को यूएई में होगी। फाइनल मैच 13 सितंबर को खेला जाएगा। टी-20 फॉर्मेट में अब तक खेले गए पांच टूर्नामेंट्स में से भारत ने तीन बार खिताब जीता है। यह छठा मौका होगा जब यह टूर्नामेंट खेल के सबसे छोटे फॉर्मेट में खेला जाएगा. भारत और पाकिस्तान के बीच की पुरानी प्रतिद्वंद्विता फिर से देखने को मिलेगी. ये दोनों चिर-प्रतिद्वंद्वी टीमें 5 सितंबर को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में एक-दूसरे से भिड़ेंगी।

टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें भाग ले रही हैं. जिसमें भारत को पाकिस्तान, थाईलैंड और हांगकांग के साथ ग्रुप ए में रखा गया है. जबकि ग्रुप बी में श्रीलंका, बांग्लादेश, यूएई और इंडोनेशिया को रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 30 अगस्त को थाईलैंड के खिलाफ मैच से करेगा. सभी मैच दुबई में स्थानीय समयानुसार शाम 6:30 बजे शुरू होंगे।

भारत का शुरुआती शेड्यूल

30 अगस्त: भारत बनाम थाईलैंड
3 सितंबर: भारत बनाम हांगकांग
5 सितंबर: भारत बनाम पाकिस्तान

सबसे सफल टीम

महिला एशिया कप में भारत सबसे सफल टीम है. उसने कुल 7 बार यह खिताब अपने नाम किया है. हालांकि 2024 के संस्करण में श्रीलंका ने भारत को हराकर पहली बार यह खिताब अपने नाम किया था और वो वर्तमान चैंपियन है।

भारत बनाम पाकिस्तान

भारत की नजरें अपना आठवां महिला एशिया कप खिताब जीतने पर होंगी. वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान अब तक यह ट्रॉफी नहीं जीत पाया है. 2012 तथा 2016 के टूर्नामेंट्स के फाइनल में उसे भारत से हार का सामना करना पड़ा है. दोनों टीमों के बीच हालिया मुकाबले में, भारत ने महिला टू20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मैच में पाकिस्तान को 64 रनों से बुरी तरह हराया था।

महिला एशिया कप 2026 का पूरा शेड्यूल

28 अगस्त: थाईलैंड बनाम हांगकांग
29 अगस्त: श्रीलंका बनाम यूएई
30 अगस्त: भारत बनाम थाईलैंड
31 अगस्त: बांग्लादेश बनाम इंडोनेशिया
1 सितंबर: पाकिस्तान बनाम थाईलैंड
2 सितंबर: श्रीलंका बनाम इंडोनेशिया
3 सितंबर: भारत बनाम हांगकांग
4 सितंबर: यूएई बनाम इंडोनेशिया
5 सितंबर: भारत बनाम पाकिस्तान
6 सितंबर: श्रीलंका बनाम बांग्लादेश
7 सितंबर: पाकिस्तान बनाम हांगकांग
8 सितंबर: बांग्लादेश बनाम यूएई
10 सितंबर: सेमीफाइनल
11 सितंबर: सेमीफाइनल
13 सितंबर: फाइनल

लियोनेल मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का निधन

13 साल की उम्र में मेसी को बार्सिलोना ले गए, दो दशक तक उनके एजेंट रहे

अर्जेंटीना (एजेंसी)। अर्जेंटीना के फुटबॉलर लियोनेल मेसी के पिता जॉर्ज मेसी का 68 साल की उम्र में निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार थे। पिछले कुछ महीनों से उनका इलाज चल रहा था।मेसी के बचपन के क्लब न्यूवेल्स ओल्ड बॉयज ने शनिवार को उनके निधन की पुष्टि की। क्लब ने शोक जताते हुए उन्हें मेसी के करियर की सबसे मजबूत ताकत बताया।

कॉमनवेल्थ गेम्स के मेडलिस्ट प्लेयर्स पीएम आवास पहुँचे

भारत ने 39 मेडल जीते थे

नईदिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कॉमनवेल्थ गेम्स में मेडल जीतने वाले भारतीय खिलाड़ी मिलने पहुँचे। प्लेयर्स प्रधानमंत्री आवास पहुंचकर पीएम मोदी से मिले। इस अवसर मुक्केबाज लवलीना बोरगेहन और वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने कहा- हम प्रधानमंत्री से मिलने के लिए एक्साइटेड थे। भारत ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में 13 गोल्ड, 17 सिल्वर और 9 ब्रॉन्ज समेत कुल 39 मेडल जीते। भारत मेडल टैली में चौथे नंबर पर रहा।

मुक्केबाज भारत का सबसे बड़ा मेडल बैंक

भारत के 39 पदकों में सबसे बड़ा योगदान बॉक्सिंग का रहा। मुक्केबाजों ने 7 गोल्ड और 3 सिल्वर समेत कुल 10 मेडल जीते।

यानी हर चार में से एक मेडल बॉक्सिंग से आया। एथलेटिक्स में 10 मेडल आए, लेकिन इसमें गोल्ड नहीं मिला। वेटलिफ्टिंग से 8, पैरा एथलेटिक्स से 6, जूडो से 4 और पैरा पावरलिफ्टिंग से 1 मेडल मिला। कुल मिलाकर 39 में से 37 पदक सिर्फ पांच खेलों से आए।

जम्मू कश्मीर के दिव्यांग क्रिकेटर के बुलंद हौसले की दमदार कहानी

दोनों हाथ गंवाने के बाद भी नहीं टूटा आमिर का क्रिकेट खेलने का सपना, सचिन तेंदुलकर भी हुए मुरीद

जयपुर (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के दिव्यांग क्रिकेटर आमिर हुसैन लोन ने अपने संघर्ष और जज्बे से यह साबित कर दिया है कि परिस्थितियां

कितनी भी मुश्किल क्यों न हों, मजबूत हौसले और लगातार मेहनत के दम पर सपनों को हासिल किया जा सकता है. जयपुर में एक कार्यक्रम के दौरान आमिर हुसैन लोन ने ईटीवी भारत से खास बातचीत में अपने क्रिकेट के सफर, संघर्ष, चुनौतियों और कामयाबी से जुड़े अनुभव साझा किए।

आमिर हुसैन लोन जब महज 8 साल के थे, तभी एक हादसे में उनके दोनों हाथ चले गए. इस हादसे के बाद उनके परिवार और करीबी रिश्तेदारों को उनके भविष्य की चिंता सताने लगी थी. कई लोगों ने उनके सामने आने वाली मुश्किलों को लेकर सवाल खड़े किए, लेकिन ऐसे कठिन दौर में उनकी दादी ने उन्हें हिम्मत दी. दादी के प्रोत्साहन ने आमिर के भीतर ऐसा हौसला पैदा किया, जिसने आगे चलकर उन्हें एक अलग पहचान दिलाई।

हादसे के बाद भी क्रिकेटर बनने का सपना नहीं छोड़ाः आमिर हुसैन लोन ने बताया कि बचपन से ही उनका सपना क्रिकेटर बनने का था. हादसे के बाद उनके इस सपने पर भी सवाल उठने लगे थे, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी. उनका सपना सिर्फ क्रिकेट खेलने तक सीमित नहीं था, बल्कि वह एक दिन भारत के लिए खेलना चाहते थे. दोनों हाथ नहीं होने के बावजूद आमिर ने क्रिकेट खेलने का अपना अलग तरीका विकसित किया. उन्होंने गर्दन और कंधे के बीच बल्ला पकड़कर बल्लेबाजी करने का अभ्यास शुरू किया. शुरुआत में यह बेहद मुश्किल था, लेकिन लगातार अभ्यास और मेहनत के बाद उन्होंने इस तकनीक पर नियंत्रण हासिल कर लिया ।

टीम इंडिया की बढ़ी टेंशन!

9 खिलाड़ी चोटिल

हैदराबाद (एजेंसी)। टीम इंडिया का अगला असाइनमेंट श्रीलंका में दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलना है, लेकिन चोट के कारण कई खिलाड़ी इस सीरीज में नजर नहीं आएंगे। हाल ही में बाएं हाथ के बल्लेबाज साई सुदर्शन के बारे में ये खबर सामने आई है कि वो भी चोट के चलते इस सीरीज से बाहर हो गए है।

इसके साथ सुदर्शन, जसप्रीत बुमराह, हर्षित राणा, नीतीश कुमार रेड्डी और वाशिंगटन सुंदर के साथ उन खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं जो चोटों के कारण श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

सुदर्शन को पैर के अंगूठे में चोट लगी है. ये चोट उनको पिछले महीने श्रीलंका दौरे पर आई इंडिया 'ए' टीम के दौरान लगी. उन्होंने दोनों 'ए' टेस्ट मैचों में दो शतक बनाए थे. तब से वह बेंगलुरु के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहे हैं।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पिछले महीने कार्डिफ में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान लगी बाएं घुटने की चोट से अभी तक उबर नहीं सके हैं. जिसकी वजह से उनकी जगह जम्मू-कश्मीर के 29 वर्षीय तेज गेंदबाज आकिब नबी को श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है।

नीतीश कुमार रेड्डी बाएं क्वाड्रिसेप्स की चोट से उबर रहे हैं, जिसके चलते वे भारत के हालिया आयरलैंड, इंग्लैंड और जिम्बाब्वे दौरे पर नहीं खेल पाए. उन्हें यह चोट जून में अफगानिस्तान के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज में गेंदबाजी करते समय लगी थी।

वॉशिंगटन सुंदर हैमस्ट्रिंग की चोट से जूझ रहे हैं, जबकि आकाश दीप पीठ में खिंचाव की वजह से टीम से बाहर हैं. कप्तान शुभमन गिल को भी उंगली में चोट लगी है, लेकिन उन्हें सीरीज से बाहर नहीं किया गया. इसी वजह से वो श्रीलंका के खिलाफ अभ्यास मैच भी नहीं खेल रहे हैं. उम्मीद है कि वो 15 अगस्त से शुरू होने वाले सीरीज के पहले टेस्ट मैच से पहले फिट हो जाएंगे. इसके अलावा हर्षित राणा, हार्दिक पांड्या और वरुण चक्रवर्ती भी चोट के कारण टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं।

भारतीय टेस्ट टीम

शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, ध्रुव जुरेल, रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन, आकिब नबी।

चोटिल खिलाड़ी

हर्षित राणा - हैमस्ट्रिंग
हार्दिक पांड्या - जांघ में खिंचाव
जसप्रीत बुमराह - घुटने में सूजन
नीतीश रेड्डी - हैमस्ट्रिंग
वॉशिंगटन सुंदर - जांघ में खिंचाव
आकाश दीप - पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रैक्चर
साई सुदर्शन - पैर के अंगुठे में चोट
शुभमन गिल - दाहिने हाथ की उंगली में चोट
वरुण चक्रवर्ती - जांघ में खिंचाव

टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

पहला टेस्ट: 15-19 अगस्त, गाले
दूसरा टेस्ट: 23-27 अगस्त, कोलंबो

अश्मिता चालिहा ने जीता कोरिया मास्टर्स का खिताब

फाइनल में चीन की खिलाड़ी को हराया

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत की अश्मिता चालिहा ने कोरिया मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया है। उन्होंने महिला एकल फाइनल में चीन की चौथी वरीयता प्राप्त हान कियान शी को मात दी।

पहला गेम हारने के बाद, विश्व रैंकिंग में 50वें स्थान पर काबिज अश्मिता ने शानदार वापसी की और विश्व में 35वें नंबर की खिलाड़ी हान को 53 मिनट तक चले गेम में 14-21, 21-14, 21-14 से हराया.

असम की रहने वाली 26 वर्षीय इस खिलाड़ी का ये पहला बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर खिताब है. उनका फाइनल तक का सफर शानदार रहा. उन्होंने पहले क्वालिफायर रिरीना हिरामोतो और फिर किम मिन जी को सीधे गेम में हराया, और क्वार्टर फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त हिना अकेची को 20-22, 21-15, 21-19 से मात दी।

इस साल अश्मिता ने बीडब्ल्यूएफ टूर पर शानदार वापसी करते हुए चाइना मास्टर्स और मलेशिया मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल और फिर मकाऊ ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी।

इस जीत के साथ अश्मिता इस साल सुपर 300 खिताब जीतने वाली देविका सिहाग और तन्वी शर्मा के बाद तीसरी भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं. कुल मिलाकर, कोरिया मास्टर्स फाइनल में जीत के साथ वह इस साल सिंगल्स बीड्ब्लूएफ खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय महिला बन गई हैं. उनसे पहले तन्वी ने ताइपे ओपन, पीवी सिंधु ने जापान ओपन और देविका सिहाग ने थाईलैंड मास्टर्स में खिताब जीता था।

खिलाड़ी मशीन नहीं, फिट होने में समय लगता है

लक्ष्मण बोले- इंजरी प्लेयर्स के करियर का हिस्सा, किसी को दोषी नहीं ठहरा सकते

नईदिल्ली (एजेंसी)। पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने खिलाड़ियों के धीरे फिट होने में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस को दोषी मानने से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि 'क्रिकेटर मशीन नहीं है। ऐसा नहीं है कि हर बार वे जल्दी चोट से उबर जाएंगे।' लक्ष्मण बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के प्रमुख हैं। उन्होंने रविवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि सीओई और पुरुष-महिला दोनों टीमों के मैनेजमेंट के बीच शानदार तालमेल है। लक्ष्मण का बयान ऐसे टाइम पर आया है, जब देशभर में खिलाड़ियों के चोटिल होने पर सवाल उठ रहे हैं।

लक्ष्मण ने कहा- सीओई सिर्फ रिहैब सेंटर नहीं - लक्ष्मण ने कहा- 'सीओई सिर्फ रिहैब सेंटर नहीं है। क्रिकेटरों को बेहतर बनाने में इसकी बड़ी भूमिका है। इसलिए चोट के लिए दोष शब्द का इस्तेमाल नहीं करना चाहते, क्योंकि इससे किसी को बलि का बकरा बनाया जाता है।

गिल वॉर्मअप मैच के तीसरे दिन बैटिंग करने उतरे, स्कोर-52/0

- श्रीलंका-इलेवन की दूसरी पारी 200/6 पर घोषित,

भारत को 207 रन का टारगेट

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत के कप्तान शुभमन गिल उंगली की चोट के तीन दिन के बाद पहली बार बल्लेबाजी करने उतरे। कोलंबो में खेले जा रहे भारत और श्रीलंका क्रिकेट इलेवन वॉर्मअप मैच का आज तीसरा दिन है। टी-ब्रेक के बाद खबर लिखे जाने तक इंडिया ने दूसरी पारी में 52 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल नाबाद हैं।भारत ने दिन के खेल की शुरुआत में ही अपनी पहली पारी 357/6 के स्कोर पर घोषित की। इसके जवाब में श्रीलंका क्रिकेट इलेवन ने अपनी दूसरी पारी 200/6 के स्कोर पर घोषित की और भारत के सामने 207 रन का टारगेट रखा। इससे पहले श्रीलंका-इलेवन ने पहली पारी में 363/8 का स्कोर बनाया था।

नेट्स में बल्लेबाजी करते दिखे गिल - वॉर्मअप मैच शुरू होने से एक दिन पहले गुरुवार को ट्रेनिंग के दौरान गिल की उंगली में चोट लगी थी। इसके बाद वे मैच के पहले दो दिन मैदान पर नहीं उतरे थे। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा था, गुरुवार को भारत के प्रैक्टिस सेशन के दौरान कप्तान शुभमन गिल की दाहिनी हाथ की उंगली में चोट लगी।

अंडर-20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बसंत का कमाल

- हाई जंप मुकाबले में सिल्वर मेडल जीतने वाले बने पहले भारतीय

यूजीन (एजेंसी)। अमेरिका के यूजीन शहर में खेले जा रहे अंडर-20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारत के बसंत कुमार मेघवाल ने इतिहास रच दिया है. उन्होंने पुरुषों की हाई जंप मुकाबले में सिल्वर मेडल जीतकर चैंपियनशिप में भारत को दूसरा मेडल दिलाया. इससे पहले आशीष यादव ने जैवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल जीता था।

बसंत कुमार मेघवाल ने 2.21 मीटर की ऊंचाई पार करके सिल्वर मेडल अपने नाम किया. इसके साथ ही बसंत वर्ल्ड एथलेटिक्स 20 चैंपियनशिप में पुरुषों की हाई जंप मुकाबले में सिल्वर मेडल जीतने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए।

टॉप थ्री खिलाड़ियों के अंक बराबर - खास बात ये है कि मुकाबले में टॉप के तीनों खिलाड़ियों ने 2.21 मीटर की ऊंचाई पार की. इसलिए मेडल जीतने वाले इन तीनों खिलाड़ियों के बीच फैसला उनके प्रयासों के रिकॉर्ड के आधार पर किया गया. अल्जीरिया के यूनिस अयाची को गोल्ड मेडल दिया गया क्योंकि उन्होंने ने 2.21 मीटर की ऊंचाई पहले ही प्रयास में कर लिया, जबकि बसंत को दो प्रयास लगे. वहीं ओटिस पूल ने तीन प्रयास में 2.21 की ऊंचाई पार की। मेडल तक पहुंचने के सफर में बसंत ने पहले प्रयास में 2.06 मीटर, दूसरे प्रयास में 2.12 मीटर और पहले प्रयास में 2.17 मीटर की ऊंचाई पार की, जबकि 2.21 मीटर की ऊंचाई उन्होंने दूसरे प्रयास में पार की. इसके साथ बसंत ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की भी बराबरी कर ली. बसंत का यह प्रदर्शन वर्ल्ड एथलेटिक्स 20 चैंपियनशिप में पुरुषों की हाई जंप स्पर्धा में भारत के लिए एक यादगार उपलब्धि है।

लॉन्ग जंप में ब्रॉन्ज मेडल - वहीं, शाहनवाज खान ने पुरुषों की लॉन्ग जंप में 7.84 मीटर की बेस्ट जंप के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीता. यह किसी भारतीय पुरुष लॉन्ग जंपर द्वारा जीता गया पहला वर्ल्ड-लेवल मेडल है. शुरुआत में पीछे रहने के बाद, शाहनवाज ने तीसरे राउंड में 7.84 मीटर की जबरदस्त जंप लगाई और फिर पांचवें राउंड में 7.83 मीटर की जंप के साथ दुनिया के बेहतरीन एथलीटों के बीच अपनी जगह और पोडियम पर अपना स्थान बनाए रखा. इटली के इनजोली ने 7.97 मीटर की बेस्ट जंप के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि ऑस्ट्रेलिया के मैकग्रोडर (7.96 मीटर) को सिल्वर मेडल मिला। इसके साथ ही, भारत ने 2021 की 20 वर्ल्ड एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपने अब तक के सबसे अच्छे प्रदर्शन (कुल तीन मेडल) की बराबरी कर ली है।

आशीष यादव ने जैवलिन थ्रो में किया कमाल

इससे पहले आशीष यादव ने चैम्पियनशिप में भालाफेंक मुकाबले में सिल्वर मेडल जीतकर भारत का खाता खोला था. यादव ने तीसरे दौर में 74.09 मीटर का थ्रो फेंककर पदक हासिल किया. इसके साथ 19 वर्ष के यादव दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा के बाद इस स्पर्धा में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए. चोपड़ा ने 2016 में पोलैंड में 86.48 मीटर के वर्ल्ड जूनियर रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता था. यह रिकॉर्ड आज भी उनके नाम है। नीरज चोपड़ा ने भी इस युवा खिलाड़ी की उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी. उन्होंने एक्स पर लिखा, 'भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते और जीतते देखना हमेशा शानदार अहसास होता है. एक भाला फेंक खिलाड़ी के तौर पर यह उपलब्धि मेरे लिए कुछ ज्यादा खास है. अंडर-20 विश्व चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीतने पर आशीष मुझे तुम पर बेहद गर्व है ।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com